BELIEVE

विविधा

2017-18

GOVT. PT. SHYAMACHARAN SHUKLA COLLEGE

(SHANKAR NAGAR), DHARSIWA, Dist. Raipur (C.G.)

GOVT.PT. SHYAMACHARAN SHUKLA
COLLEGE DHARSIWA
RAIPUR
ALUMNI MEET

राष्ट्रीय सेवा योजना

GOVT.PT.SHYAMACHARAN SHUKLA COLLEGE
DHARSIWA
INVITED LECTURE

राष्ट्रीय सेवा योजना

RED RIBBON CLUB
YOUTH RED CROSS

योजना इकाई

धरसींवा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय
धरसींवा, रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्राचार्य

WEL-COME
DHARSIWA
B.Sc. Final
Exhibition

COLLEGE DHARSIWA
RAIPUR

राष्ट्रीयसेवायोजना

COLLEGE

संपादकीय

मनुष्य एक बुद्धिजीवी प्राणी है और उसके मन में जिज्ञासा की भावना अत्यधिक है। वह हर प्रकार से ज्ञान प्राप्त करना चाहता है। आज मनुष्य आधुनिक युग में पहुँच चुका है और वह नवीन से नवीनतम जानकारी प्राप्त करना चाहता है, जिसके लिए कम्प्यूटर, मोबाईल आदि साधन अत्यंत उपयोगी है। परन्तु प्राचीनकाल से आधुनिक काल तक पत्र–पत्रिकाएँ सूचना एवं ज्ञान के प्रमुख साधन के रूप में दिखाई पड़ती है। हिन्दी पत्रिका सामाजिक व्यवस्था के लिए चतुर्थ स्तम्भ का कार्य करती है और अपनी बात को मनवाने के लिए एवं अपने पक्ष में साफ–सुथरा वातावरण तैयार करने में सदैव अमोघ अस्त्र का कार्य करती है। हिन्दी के विविध आन्दोलन और साहित्यिक एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों को सक्रिय करने में हिन्दी पत्रिकाओं की अहम् भूमिका रही है। कविता, कहानी, उपन्यास, निबंध, नाटक आलोचना यात्रावृतांत, जीवनी, आत्मकथा तथा शोध से सम्बन्धित आलेखों का नियमित प्रकाशन इनका मूल उद्देष्य है। अत हम कह सकते है कि पत्रिका के द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगो को अपनी बौद्धिक क्षमता अनुभुतियो एवं संवेदनाओं को अभिव्यक्त करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है।

विविध विषयों के ज्ञान को संग्रहित, संचित एवं संवर्द्धित करने के उद्देश्य से शासकीय पं.श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय द्वारा विविधा पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। आषा है, इस बहुउद्देश्यीय 'विविधा' पत्रिका का लाभ समस्त महाविद्यालयीन परिवार एवं छात्र–छात्राएं ले सकेगें।

धन्यवाद

डॉ. सुलेखा अग्रवाल
सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)
हिन्दी विभागाध्यक्ष

प्राचार्य की कलम से...

शासकीय पंडित श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय (शंकरनगर) धरसींवा रायपुर की स्थापना 14 अगस्त 1989 को हुई थी। महाविद्यालय ने अपने स्थापना के 28 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वर्तमान में महाविद्यालय को 2014 से स्वयं का भवन प्राप्त हो चुका है। महाविद्यालय पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के संबद्ध है। महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के अध्यापन एवं अध्ययन की सुविधाऐं है। स्नातकोत्तर स्तर 2014 मे एम.ए. राजनीति विज्ञान, तथा 2015 से एम.ए. हिन्दी साहित्य तथा एम.एससी. गणित, की कक्षायें संचालित है। तथा 2017 से वाणिज्य संकाय में बी.कॉम प्रथम वर्ष भी प्रारंभ हो चुका है। इसका संचालन तथा वित्तीय परिक्षेत्र छत्तीसगढ शासन के अधीन है।

महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार अकादमिक गतिविधियां सुचारु रुप से वर्ष भर संचालित होती है। तथा विभिन्न कार्यक्रम एवं दिवस का आयोजन समय–समय पर किया जाता है। जिससे विद्यार्थियों का प्रतिभा उजागर होता है।

महाविद्यालय ने वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन सत्र 2013–14 से प्रारंभ किया तथा तब से पत्रिका निरंतर प्रकाशित हो रही है। पत्रिका का नामकरण विविधा के रुप में किया गया जिसका अर्थ, विविधताओं से युक्त होता है। वार्षिक पत्रिका के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थी, शैक्षणिक/अशैक्षणिक कर्मचारियों को संकलनकर्ता के रुप में अपने विचारों, अभिव्यक्तियों को रचनाओ के रुप में प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त होता है, साथ ही वर्षभर हुई अकादमिक गतिविधियों को आकर्षक एकरुपता के साथ महाविद्यालय के प्रतिबिम्ब रुप में विविधा निरंतर प्रकाशित हो रही है।

डॉ. डी.एस. जगत
(प्राचार्य)

बलरामजी दास टंडन
राज्यपाल छत्तीसगढ़



सत्यमेव जयते

राजभवन
रायपुर - 492001
छत्तीसगढ़
भारत
फोन : +91-771-2331100
फोन : +91-771-2331105
फैक्स : +91-771-2331108

क्र./05/पीआरओ/रास/18
रायपुर, दिनांक 10 जनवरी 2018

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय, धरसींवा, रायपुर द्वारा वार्षिक पत्रिका **'विविधा'** का प्रकाशन किया जा रहा है।

महाविद्यालयीन पत्रिकाएं, विद्यार्थियों के रचनात्मक लेखन को बढ़ावा देने के लिए एक सार्थक मंच प्रदान करती हैं। इसके जरिए विद्यार्थियों की साहित्यिक अभिरूचि को प्रस्फुटित होने का अवसर प्राप्त होता है। आशा है कि इस पत्रिका के माध्यम से महाविद्यालय की नवोदित प्रतिभाओं को आगे आने का समुचित अवसर प्राप्त हो सकेगा।

पत्रिका के प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

(बलरामजी दास टंडन)

डॉ. रमन सिंह
मुख्यमंत्री

Dr. RAMAN SINGH
CHIEF MINISTER

DO. No. 205 / VIP / 20.17
DATE 03/11/17

महानदी भवन, मंत्रालय
नया रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492002
Mahanadi Bhawan, Mantralaya
Naya Raipur, Chhattisgarh
Ph. : (O) - 0771-2221000-01
Fax : (O)- 0771-2221306
Ph. : (R) - 0771-2331000-01
Ph. : (R) - 0771-2443399
Ph. : (R) - 0771-2331000

संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय, धरसींवा जिला रायपुर द्वारा वार्षिक पत्रिका ''विविधा'' का प्रकाशन किया जा रहा है।

छात्र–छात्राओं में अभिव्यक्ति का कौशल विकसित करने के लिए ऐसी पत्रिकाएं महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। इस पत्रिका में महाविद्यालय के रचनाशील प्राध्यापकों तथा छात्र–छात्राओं की मौलिक रचनाएं प्राथमिकता से प्रकाशित की जानी चाहिए। पत्रिका से महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और विशेषताओं की जानकारियां भी लोगों तक पहुंचती हैं।

प्रकाशन अपने उद्देश्यों में सफल हो, इसके लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं ।

(डॉ. रमन सिंह)

देवजी भाई पटेल

- अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम, रायपुर (छ.ग.)
- विधायक - धरसींवा (क्षेत्र क्रमांक-47), रायपुर (छ.ग.)
- पूर्व अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉर्पोरेशन, रायपुर (छ.ग.)
- पूर्व अध्यक्ष - कृषि उपज मण्डी समिति, रायपुर (छ.ग.)
- सदस्य - छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड
- सदस्य - द.पू.म.रे. मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति

निवास : सरस्वती सॉ मिल, बिलासपुर रोड, फाफाडीह, रायपुर (छ.ग.)
फोन : 0771-4050944
0771-2881700
फैक्स : 0771-2881700
ई-मेल : devji2605@gmail.com

पत्र क्र. : 6/2018-19 दिनांक 4/4/18

शुभकामना संदेश

पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविघालय धरसींवा (रायपुर) के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वार्षिक पत्रिका "विविधा" का प्रकाशन किया जा रहा है, यह जानकर प्रसन्नता हूई। महाविघालय की यह पत्रिका के माध्यम से छात्र-छात्राओं के रचनात्मक लेखन एवं बौध्दिक विकास में वृध्दि होगी। वार्षिक पत्रिका महाविघालय के वर्षभर की गतिविधियों का दर्पण सिध्द होगा। इस पत्रिका के प्रकाशन हेतु मैं महाविघालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामनांए देता हूँ।

आपका

(देवजी भाई पटेल)

डॉ. शिवकुमार पाण्डेय
कुलपति

Dr. S.K. Pandey
Vice-Chancellor

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.), भारत
Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur (C.G.), INDIA
Office : +91-771-2262857, Fax : +91-771-2263439
E-mail : vc_raipur@prsu.org.in
Website : www.prsu.ac.in

रायपुर, दिनांक 30 अक्टूबर, 2017

संदेश

यह जानकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हुई कि शासकीय पं.श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय, धरसींवा, रायपुर द्वारा महाविद्यालय की पत्रिका सत्र 2017–18 **'विविधा'** का प्रकाशन किया जा रहा है।

युवाओं के रचनात्मक ऊर्जा के विकास, सृजन–क्षमता का प्रदर्शन, व्यक्तित्व एवं अभिरुचि को विकसित करने के लिए महाविद्यालयीन पत्रिका एक सशक्त माध्यम होती है।

आशा है महाविद्यालयीन पत्रिका **'विविधा'** महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियों एवं छात्र–छात्राओं के साहित्यिक, सांस्कृतिक सृजनात्मकता को विकसित एवं प्रकाशित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

शुभकामनाओं सहित।

(डॉ.एस.के.पाण्डेय)

प्रति,

प्राचार्य,
शासकीय पं.श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय,
धरसींवा, रायपुर (छत्तीसगढ)

विशेष उपलब्धि

Ph.D. Awards :-

Ph.D Awarded to Dr. G. Nag Bhargavi , Assistant Professor of Physics on dated 14th 2018 of March from National Institute of Technology, Raipur (C.G.) on the topic 'Structural, electrical and optical behaviour of rare earth – doped Barium – Zirconium Titanate (BZT)Perovskite type compounds.

Ph.D Awarded to Dr. Rashmi Kujur, Assistant Professor of Sociology on dated 19th of March 2018 from Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur (C.G.), under the guidance of Prof. P.K.Sharma, Head, SoS in Sociology, Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur (C.G.). The thesis was on the title ' A Study of Health Status of Birhor and Hill Korwa particularly Vunerable Tribal Group's Women (with special reference to Jashpur and Raigarh District of Chhattisgarh).

Young Scientist Award :-

One of our eminent faculty -

Dr. G. Nag Bhargavi, Assistant Professor of Physics has achieved the honour of '**16th Chhattisgarh Young Scientist Award -2018**' for Best Research paper presentation on dated 28th of Feb. 2018, Organized by Durg University, Durg (C.G.), sponsored by Chhattisgarh Council of Science & Technology.

महाविद्यालय के गौरव

- महाविद्यालय की छात्रा कु. निवेदिता वर्मा, बी.एस.सी.तृतीय, ने जनवरी 2018 को रायपुर में आयोजित 18वें वेस्ट जोन राश्ट्रीय टेनिक्विट प्रतियोगिता (महिला टीम व मिश्रित युगल)में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया व प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य को द्वितीय स्थान (रजत पदक) प्राप्त हुआ। कु. निवेदिता वर्मा को पंकज विक्रम अवार्ड छत्तीसगढ शासन द्वारा खेल दिवस 2017–18 के लिए खेल एवं युवा कल्याण द्वारा 15000 रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

- महाविद्यालय की छात्रा कु. गीतांजली वर्मा ने जनवरी 2018 को रायपुर में आयोजित 18वें वेस्ट जोन राश्ट्रीय टेनिक्विट प्रतियोगिता (महिला टीम व मिश्रित युगल) में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया व प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य को द्वितीय स्थान (रजत पदक) प्राप्त हुआ।

- महाविद्यालय के छात्र संजय कुमार पटेल, बी.कॉम.प्रथम ने जनवरी 2018 को रायपुर में आयोजित 18वें वेस्ट जोन राश्ट्रीय टेनिक्विट प्रतियोगिता (पुरुष टीम व मिश्रित युगल) में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया व प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य को द्वितीय स्थान (रजत पदक) प्राप्त हुआ।

- सत्र 2017–18 में हमारे महाविद्यालय के छात्र कबड्डी एथलेटिक्स चयन स्पर्धा क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्रा वर्ग से दो छात्रा अंतर्महाविद्यालयीन तैराकी प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें 100 मीटर फ्री स्टाईल, 100 मीटर बटर फ्लाई में कु. रमा धीवर बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और इनका चयन पं. रविशंकर विश्व विद्यालय तैराकी प्रतियोगिता के टीम के लिए चयन किया गया। यह प्रतियोगिता अखिल भारतीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता चंडीगढ़ में आयोजित की गई थी।

अभिप्रेरणात्मक पहल

गोल्ड मेडल

महाविद्यालय में प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को सत्र 2017–18 से स्नातक एवं स्नातकोत्तर की कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाता है। यह पदक विधायक, जनप्रतिनिधियों तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक/क्रीड़ा अधिकारी की सहयोग राशि से प्रदान किया जाता है।

सत्र 2017–18 में प्रदत्त स्मृतिपुरस्कार/स्वर्ण पदक

क्र.	पुरस्कार / (गोल्ड मेडल) का नाम	पुरस्कार प्रायोजक का नाम	विद्यार्थियों का नाम
1.	**Best Student of The Year**	डॉ. डी.एस. जगत, प्राचार्य	निरंक (पात्र छात्र नहीं मिलने के कारण)
2.	स्व. श्री शिवजी भाई पटेल स्मृति पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ छात्र – स्नातक विज्ञान संकाय)	माननीय श्री देवजी भाई पटेल विधायक धरसींवा एवं अध्यक्ष छ.ग.पाठ्य पुस्तक निगम	चारू वर्मा बीएससी तृतीय वर्श (गणित)
3.	स्व. श्री तुलसी भाई पटेल स्मृति पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ छात्र – स्नातक कला/वाणिज्य संकाय)	माननीय श्री देवजी भाई पटेल विधायक धरसींवा एवं अध्यक्ष छ.ग.पाठ्य पुस्तक निगम	टोमेश्वरी साहू बी.ए. तृतीय वर्ष
4.	स्व. श्री जोहना राम एवं मोहिनी बाई स्मृति पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवक –रा.से.यो.)	सुश्री अदिती भगत सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य)	कृष्णा साहू बी.ए. द्वितीय वर्ष
5.	स्व. श्री फिलिप कुजूर स्मृति पुरस्कार (समाजशास्त्र विशय में सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी)	डॉ रश्मि कुजूर सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र)	उत्तरा निर्मलकर बी.ए. तृतीय वर्ष
6.	स्व. डॉ. जी.पी.राय स्मृति पुरस्कार (सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी – विज्ञान संकाय जीवविज्ञान)	श्री कौशल किशोर सहायक प्राध्यापक (वनस्पति विज्ञान)	किरण पटेल बीएससी तृतीय वर्ष (जीवविज्ञान)
7.	स्व. श्री ओंकार प्रसाद शर्मा (गुरूजी) स्मृति पुरस्कार (सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी – विज्ञान संकाय गणित)	श्री शालिकराम शर्मा जनपद पंचायत सदस्य, धरसींवा	रमा मानिकपुरी बीएससी तृतीय वर्ष (गणित)
8.	सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी कला संकाय	डॉ. श्रीमती शबनूर सिद्दीकी प्राध्यापक (इतिहास)	कु. देवकुमारी बी.ए. तृतीय वर्ष
9.	स्व. हाजी मिर्जा फरजन्द बेग (सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी वाणिज्य संकाय)	श्री मिर्जा प्यार बेग सेवानिवृत्त शिक्षक	निरंक (वाणिज्य संकाय वर्तमान सत्र से प्रारंभ होने के कारण)
10.	सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी एम.ए. हिन्दी सहित्य	डॉ. श्रीमती सुलेखा अग्रवाल सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)	कु. दिव्या साहू एम.ए. (हिन्दी सहित्य)
11.	स्व. श्री मंगल प्रसाद जी बंछोर स्मृति पुरस्कार (सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी एम.एससी. गणित)	श्री दिलेन्द्र बंछोर अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति शा. पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा	सागर कुमार एम.एस.सी. (गणित)
12.	स्व. डॉ. आर.पी. चौधरी स्मृति पुरस्कार (सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी एम.ए. राजनीति शास्त्र)	डॉ. श्रीमती संध्या सिंगारे प्राध्यापक (राजनीति शास्त्र)	मनोज कुमार एम.ए (राजनीति शास्त्र)
13.	श्री रामेश्वर राम महोबिया स्मृति पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी)	श्री अनिल कुमाार महोबिया क्रीड़ा अधिकारी एवं चयन समिति	रमा धीवर बी.ए. तृतीय वर्ष

कविता

"भारत के नौजवानों"

भारत के नौजवानों, भारत को दिव्य बनाना,
तुम्हें प्यार करें जग सारा, तुम ऐसा बन दिखलाना।
भारत के नौजवानों, भारत को दिव्य बनाना,
केवल इच्छा न बढ़ाना, संयम जीवन में लाना,
सादा जीवन तुम जीना, पर ताने रहा सीना।
भारत के नौजवानों, भरत को दिव्य बनाना
जो लिखा है सद्ग्रंथों में, जो कुछ भी कहा संतों ने,
उसको जीवन में लाना, वैसा ही बन दिखलाना।
भारत के नौजवानों, भरत को दिव्य बनाना
सारे जहॉ से अच्छा, हिन्दोस्ता हमारा.....?
हम बुलबुले है इसकी, ये गुलसिता हमारा.....?
सारे जहॉ से अच्छा हिन्दोस्ता हमारा।
तुम पुरूशार्थ तो करना, पर नेक राह पर चलना।
सज्जन का संग ही करना, दुर्जन से बच के रहना।
भारत के नौजवानों, भरत को दिव्य बनाना
जीवन अनमोल मिला है, तुम मौके को मत खोना
यदि भटक गये इस जग में, जन्मों तक पड़ेगा रोना
भारत के नौजवानों, भारत को दिव्य बनाना।

सागर कुमार
एम.एस.सी चतुर्थ सेमेस्टर (गणित)

कहाँ ले मोबाईल आ गे रे

कहाँ ले मोबाईल आ गे रे, चलत गाड़ी मँ बात करय भइया,
चीन्हे नहीं कोनो ददा–भईया, मइनखे देखव बऊरागे रे , कहाँ ले मोबाईल आ गे रे।।

स्कूल कालेज में एखरे कमाल हे, जेती देखव तेती एखर धमाल हे,
मति मइनखे के छरियागे रे, कहाँ ले मोबाईल आ गे रे।।

बर–बिहाव म एखरे धाक हे, एखर बिना पचे नहीं भात हे।
देखके जीव करुवागे रे, कहाँ ले मोबाईल आ गे रे।।

थइली मँ देखव, अब कतको मोबाईल हे, बदले बदले जिनगी के स्टाइल हे,
धरके मइनखे बइहागे रे, कहाँ ले मोबाईल आ गे रे।।

सुबोध दुबे
बी.कॉम.प्रथम

एक बार की बात है जब मैं स्कूल जाता था..
लेट उठो जिस दिन, उस दिन पापा से डांट खाता था..

नींद में ब्रश करता हुआ, टॉयलेट में घुस जाता था..
ना जाने कैसे दिन थे वो, टॉयलेट में ही सो जाता था..

एक बार की बात है जब मैं स्कूल जाता था..

स्कूल में एंट्री करते हुए ना जाने कैसा खौफ सताता था..
कब होगी छुट्टी, बस यही सब दिल में आता था..

जैसे-जैसे बड़े हुए, अब स्कूल में दिल लग जाता था..
हर सुंदर लड़की वे ना जाने क्यूं, क्रश हो जाता था..

एक बार की बात है जब मैं स्कूल जाता था..

वो यारो के संग मस्ती, वो लड़कियां थी जब हंसती..
कैंटीन में युही लंच ब्रेक निकल जाता था..

अब ना थे हम नादान, क्योंकि बोर्ड के थे एग्जाम..
हमसे पूछे कोई, वो प्रेसर कैसे झेला जाता था..

एक बार की बात है जब मैं स्कूल जाता था..

स्कूल का वो आखरी दिन और शर्टों में सिग्नेचर किया जाता था..
तब ना थे हम दोस्तों के बिन, जब मैं स्कूल जाता था..

एक बार की बात है जब मैं स्कूल जाता था..
जब मैं स्कूल जाता था..

गोपाल अग्रवाल
(एम.ए. राजनीति विज्ञान)

बड़ा भोला सा बड़ा प्यारा सा और तो और बड़ा सच्चा सा लगता है ।
तेरे शहर से तो मेरे गाँव अच्छा लगता है ।

शहर में मैं अपने मकान नम्बर से जाना जाता हूँ ।
गाँव में मैं अपने पापा के नाम से पहचाना जाता हूँ ।।

शहर के शोर सराबे में कहीं खो से जाते है ।
गाँव में टूटी हुई खाट पर भी बड़े आराम से सो जाते है ।।

शहर में चीखो की आवाज दीवारो से टकराती है ।
गाँव में दो दीवार पार दूसरो को सिसकारिया भी आराम से सुन ली जाती है ।

शहर में कोठी सी बंगला है और कार है ।
गाँव में घर है परिवार है और संस्कार है ।।

मत समझो हमको कम ओ शहर वालो की हम गाँव से आये है ।
तेरे शहर के ये जो रंग बिरंगे बाजार है मेरे गाँव के लोगों ने ही सजाये है ।।

अंतिम पंक्ति...

शहर की चाक चौबंध रौशनी तो खूब देखी यारो ।
आओ आपको गाँ में असली चाँद की रौशनी दिखाते है ।
आपको अपना गाँव दिखाते है, आपको अपना गाँव दिखाते है ।।

''मैंने अपना सबसे अच्छा अनुभव इस कविता के माध्यम से बातने का प्रयास मैंने किया है''

गोपाल अग्रवाल
(एम.ए. राजनीति विज्ञान)

हम सच्चाई कहते हैं...

झूठ के इस दौर में भी, हम सच्चाई कहते हैं ।
इसलिए हर जन की रूसवाई हम सहते है ।।

हम गुमराह लोगों को, सन्मार्ग दिखाते हैं ।
इसलिए हमने उनसे, तन्हाई ये पायी हैं ।।

अपने हर हमराही से, हम वफ़ा ही निभाते हैं ।
इसलिए हमने उनसे, बेवफाई यह पााायी है ।।

जो गलत है उसको, हम गलत ही कहते हैं ।
इसलिए वाह–वाही, हमने नही पायी है ।।

कलमुंहे सफेद पोशों को, हम आईना दिखाते हैं ।
इसलिए गुमनामी की, ये सजा हमने पायी है ।।

सज्जन समझ जिस–जिस को, हम नमन करते हैं ।
लोकेश उसने ही क्यों, अपनी औकात बतायी है ।।

लोकेश कुमार सेन
(एम.ए. राजनीति विज्ञान)

बेटी है तो, है सृष्टि सारी

कभी बेटी, कभी बहन, कभी पत्नी, तो कभी माँ है नारी,
पुरूष जिसके बिना असहाय है, ऐसी है नारी
कभी ममता की फुलवारी, तो कभी राखी की क्यारी है नारी,
सृष्टि जिसके बिना थम जाए, ऐसी है नारी,
पुरूषों की पूरी भीड़ पर, अकेली भारी है नारी,
जो सृश्टि को जलाकर राख कर दे, ऐसी चिंगारी है नारी,
बेटी हो तो – पिता की राजदुलारी है नारी,
माँ हो तो – सन्तान पर हमेशा भारी है नारी,
बहन हो तो – भाई की लाडली है नारी,
पत्नी हो तो – पति की जान है नारी,
पुरूष हमेशा अधूरा तो – हमेशा पूरी है नारी,
सृष्टि जिस पर घूम रही, वह धुरी है नारी,
जब गर्भ में नहीं मारोगे, तभी तो तुम्हारी है नारी,
जब नारी है – तभी तो है ये सृष्टि सारी ।।

नाम– शिल्पा साहू
कक्षा – एम.ए. प्रथम सेमेस्टर (हिन्दी साहित्य)

माँ

लेती नहीं दवाई माँ,
जोड़े पाई–पाई माँ।
दुःख थे पर्वत राई माँ,
हारी नहीं लड़ाई माँ।
इस दुनियां में सब मैले हैं,
किस दुनियां से आई माँ।
दुनियां के सब रिश्ते ठण्डे,
गरमागरम रजाई माँ।
जब भी कोई रिश्ता उधड़े,
करती है तुरपाई माँ।
घर में चूल्हे मत बांटो रे,
देती रही दुहाई माँ।
रोती है लेकिन छुप–छुप कर,
बड़े सब्र की जाई माँ।

लड़ते–लड़ते सहते सहते,
रह गई एक तिहाई माँ।

बेटी रही ससुराल में खश,
सब जेवर दे आई माँ।
माँ से घर–घर लगता है,
घर में घुली समाई माँ।
बेटे की कुर्सी है ऊँची,
पर उसकी ऊँचाई माँ।
दर्द बड़ा हो या छोटा हो,
याद हमेशा आई माँ।
घर के शगुन सभी माँ से हैं,
है घर की शहनाई माँ।
सभी पराये हो जाते हैं,
होती नहीं पराई माँ।।

कु. नंदनी साहू
बी.ए. तृतीय

माँ : एक वरदान

मोम से भी अत्यंत कोमल होती है माँ,
पिघला दो तो पानी से भी ज्यादा द्रवशील होती है माँ,
पाशाण पत्थर से भी प्रकट हो जाती है माँ
बस श्रध्दा पूर्वक कह – हे माँ,
ममता की मिसाल ओर विशाल मूरत होती है माँ,
सच्चे हृदय से पुकार लो तो आ जाती है माँ,
बस श्रध्दा की भूखी होती है माँ,
अपने संतानो को सदैव संकटों से बचाती है माँ,
विपत्ति काल में भी केवल याद आती है माँ,
पर अपेक्षा की भी पात्र नहीं है माँ,
इस हेतु संसार में सर्वोच्च स्थान रखती है एक मात्र माँ।।

कु. भेनेश्वरी निषाद
बी.ए.तृतीय

चलते रहो

सफर में धूप तो होगी, जो चल सको तो चलो,
सभी हैं भीड़ में, तुम भी निकल सको तो ।।..... चलो.....।।
किसी के वास्ते, राहें कहाँ बदलती है,
तुम अपने आप को खुद ही बदल सको तो ।।..... चलो.....।।
यहां किसी को, कोई रास्ता नहीं देता,
मुझे गिराके, तुम संभल सको तो ।।..... चलो.....।।
यही है जिंदगी, कुछ ख्वाब चंद उम्मीदें,
इन खिलौनों से तुम भी बहल सको तो ।।..... चलो.....।।
सफर में धूप तो होगी, जो चल सको तो चलो,
सभी हैं भीड़ में, तुम भी निकल सको तो ।।..... चलो.....।।

शाहिना परवीन
बी.ए.तृतीय

बस एक कदम और

बस एक कदम और, इस बार किनारा होगा।
बस एक नजर और, इस बार इशारा होगा।।
अन्धेरे के नीचे उस बदली के पीछे, कोई तो किरण होगी।
इस अंधकार से लड़ने को, कोई तो किरण होगी।।
बस एक पहर और, इस बार उजाला होगा।
बस एक कदम और, इस बार किनारा होगा।।
जो लक्ष्य को भेदे, वो कहीं तो तीर होगा।
इस तपती भूमि में, कहीं तो नीर होगा।।
बस एक प्रयास और, अब लक्ष्य हमारा होगा।
बस एक कदम और, इस बार किनारा होगा।।
जो मंजिल तक पहुँचे, वो कोई तो राह होगी।
अपने मन को टटोले, कोई तो चाह होगी।।
जो मंजिल तक पहुँचे, वो कदम हमारा होगा
बस एक कदम और, इस बार किनारा होगा।
बस एक नजर और, इस बार इशारा होगा।।

शाहिना परवीन
बी.ए.तृतीय

सर्व शक्तिमान तिरंगा

तीन रंगों से बना तिरंगा, सदा शक्ति बरसाता है।
देखो भारत की चोटी पर, शान से लहराता है।
केसरिया रंग को देखो,जो त्याग हमें सिखलाता है।
जब भी संकट आए मर मिटने को बताया है।
सादा जीवन उच्च विचार सफेद रंग बतलाता है।
सत्य, अहिंसा, भाईचारा का पाठ हमें सिखलाता है।
हरे रंग की है अपनी कहानी मन हर्षित हो जाता है।
हरे–भरे प्रकृति को देखो, सबके मन को भाता है।
बीच में देखो अशोक चक्र को, जो हरदम चलते रहता है।
रूको नहीं तुम आगे बढ़ो, हर पल हमसे कहता है।

कृष्ण साहू
बी. ए. द्वितीय

बेटी बचाओ

बेटा वारिस है, तो बेटी पारस है
बेटा वंश है, तो बेटी अंश है
बेटा शान है, तो बेटी गुमान है
बेटा संस्कार है,तो बेटी संस्कृति है
बेटा तन है,तो बेटी मन है
बेटा प्रेम है, तो बेटी पूजा है
बेटा भाग्य है, तो बेटी विधाता है
बेटा गीत है, तो बेटी राग है
बेटा फूल है, तो बेटी खुशबू है
बेटा लाठी है, तो बेटी डोरी है
जब माँ चाहिये, बहन चाहिये, पत्नी चाहिये तो बेटी क्यो नहीं चाहिये!

कु. भारती निषाद
बी.कॉम.प्रथम

गुरू महिमा

जहाँ पर देव दर्शन हों,वहाँ भवपार होता है।
जहा मुनियों की वाणी हो, वही उद्धार होता है।। 2 ।।
मुझे लगता नहीं नवकार से ऊँचा यहाँ कोई।। 2।।
वहाँ सब पाप कट जाते, जहाँ नवकार होता है।।

न हो फूलों की कीमत तो, कहीं उपवन नहीं मिलते।। 2 ।।
जो मन ही हो मरुस्थल तो, कहीं सावन नहीं मिलते
कि जिसके दिल में ईश्वर की, कहीं मूरत नहीं कोई ।। 2 ।।
उसे पत्थर ही दिखते हैं, कभी दर्शन नहीं मिलते।।

भटकना जिनकी आदत है, कभी वो घर नहीं पाते।
कि गूंगे की तरह में, कभी वो स्वर नहीं पाते।
लिखा इतिहास में, भगवान से बढ़कर गुरु होते।। 2 ।।
गुरु निंदा जो करते हैं, कभी वो तर नहीं पाते।। 2 ।।

हिकेश कुमार साहू
एन.एस.एस. छात्र

छत्तीसगढ़ी छटा

मोर धरती मैया के महिमा हे अपरम्पार

मोर धरती मैया के महिमा हे अपरम्पार
सोना–चाँदी हीरा–मोती भरे हवय भण्डार
इही म उपजे चना बटुरा, गेहूँ औ धान।
इही म सरसों अव धनिया उपजाथे ग किसान .....
मोर धरती मैया के महिमा हे अपरम्पार

रूख,राई, झाड़ झडौका हे येखर श्रृंगार संगी .....
येला काटके के तुमन संगीख झन करव अपराध .....
मोर धरती मैया के महिमा हे अपम्पार .....

पठार पर्वत अव मैदान, धरती दाई के कोरा संगी
धरती दाई के कोरा
झील नदियाँ औ सागर ह धरती दाई के डोरा संगी
धरती दाई के डोरा
जेला रात में चंदा, दिन में सूरज, करथे ग अंजोरा संगी
करथे ग अंजोरा ।

मोर धरती दाई के महिमा हे अपरम्पार .....

इही ह हमला अन्न देवइया, इही ह हमला
धन देवइया
इही म हमन जनम लेवइया, इही ह हमन करम लिखइया
मोर धरती मैया के महिमा हे अपरम्पार .....
सोना–चाँदी हीरा मोती भरे हवय भण्डार
मोर धरती दाई के महिमा हे अपरम्पार .....

डॉ. सुलेखा अग्रवाल
सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)
हिन्दी विभागाध्यक्ष

छत्तीसगढ़ी गीत

''मोर जतन करव रे! मैं धरती के श्रृंगार अंव''

मोर जतन करव रे ..... मैं धरती के श्रृंगार अंव।
मोला समझंव तूमन ह रे, तूहर जिनगी के मैंहां अधार अंव।
मैं धरती के श्रृंगार अंव .....
देखलव मोला शहर अवं गांव, रद्दा चलईया देथवं छांव
किसान बर मैं नागर अंव, अव नाविक बर नांव अव
मैं धरती के श्रृंगार अंव .....
उड़त बादर ल मैं लाथंव अंव पानी ल बरसाथव
जेमा अन्न ल उपजांथव, अपन मन ल हरसाथव
तूहर जिनगी के मैंहा अधार अंव
मैं धरती के श्रृंगार अंव .....
मोलाझन तूमन ह काटव, अपन बेटी– बेटा जानव
दरद पीरा महुँल होथे ग – मैं काला गोहरांवव .....
मैं धरती के श्रृंगार अंव, मैं धरती के श्रृंगार अंव
पंथी बर बसेरा अंव, जीव जन्तु के डेरा अंव,
दिनों दिन मोला काटत हे, तूँहला बिनती है मोला बचालव .....
मैं धरती के श्रृंगार अंव, मैं धरती के श्रृंगार अंव
तूहर जीनगी के मैंहा अधार अंव.....
एक दिन पानी गिरता बन्द हो जाही
खेती–खार बंजर हो जाही ,
धरती ह धुर्रा हो जाही, जिनगी ह दुभर हो जाही
मानलंव मोरे बात ल, मान लंव मोरे बात .....
मोर जतन करव रे ..... मैं धरती के श्रृंगार अंव।
मोला समझंव तूमंन ह रे, तूहर जिनगी के मैहा अधार अंव
मैं धरती के श्रृंगार अंव।

श्री रणजीत सिंह
अतिथि व्याख्याता, हिन्दी विभाग

प्रेरणात्मक विचार

- सितारों को न छू पाना, लज्जा की बात नहीं,
  लज्जा की बात है, मन में सितारों को छूने का हौसला न हो पाना।।
- मन स्वच्छ है, तो विचार भी स्वच्छ होंगे।।
- सोचना विकास है, न सोचना विनाश है।।
- प्रतिदिन एक घंटा पुस्तके पढ़ने में लगाइये, आप स्वयं ज्ञान के भण्डार हो जाएँगे।।
- सफलता तभी सम्भव है, जब हम कर्तव्य के प्रति समर्पित होंगे।
- बड़े से बड़े कम्प्यूटर से भी अधिक, तेज है मनुष्य का मस्तिस्क।
- एक अच्छी पुस्तक, आपके जीवन को उज्जवल करती है।

ददा ए हमर देश के

पोरबंदर में अवतरिस, पुतली अऊ करम के बेटा,
आघु चलके संसार म नाम कमाइस,
कोन ए, ददा ए हमर देश के।
विलायत गइस, वकालत पढ़िस,
फेर लबारी ल सिरतोन नई कहिस,
कोन ए, ददा ए हमर देश के।
परदेशी ओढना के होले जलवाइस, देशी जिनिस ल बउरे सिखाइस,
नई मानिस त, बिन मार काट के देश ले भगाईस,
कोन ए, ददा ए हमर देश के।
अंग्रेज सरकार हर करिया कानून बनाइस त,
संग नइ दे के, अघुवाई करिस
कोन ए, ददा ए हमर देश के।
हाथ म धरय लउठी, आँखी म पहिनय चश्मा,
माड़ी भर ले धोती पहिनय,
कोन ए, ददा ए हमर देश के।
पूजा करे बर मंदिर जात रहिस,
जान मार के गोली खाइस,
मुँह ले हे राम निकलिस,
कोन ए, ददा ए हमर देश के।।

कु. नेहा परगनिहा
एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर (राजनीति शास्त्र)

सरग ले बड़ सुन्दर भुईंया, मोर छत्तीसगढ़ के कोरा ।
दुनिया भर ऐला कहिथे, भैइया धान के कटोरा ।।

मैं कहिथंव ये मोर महतारी ऐ
बड़ मयारू बड़ दुलौरिन
मोर बिपत के संगवारी ऐ
सहूंहे दाई कस पालय पोसय
जेखर मैं तो सरवन कस छोरा
संझा बिहनिया माथा नवांव ऐही देवी देवता मोरे
दानी हे बर दानी हे, दाई के अचरा के छोरे ।।
मोर छत्तीसगढ़ी भाखा बोली
मन के बोली हिरदय के भाखा
हर बात म हसी ठिठोली
घुरे जइसे सक्कर के बोरा
कोइला अऊ हीरा ला, दाई ढाके हे अपन अचरा
बनकट्ठी दवई अड़बड़, ऐखर गोदी कांदी कचररा
अन्नपूर्णा के मूरत ये हा
धन धान्य बरसावय
श्रमवीर के माता जे हा
लइकामन ल सिरजावय
फिरे ओ तो कछोरा
सरग ले बड़ सुंदर भुईंया, मोर छत्तीसगढ़ के कोरा ।
दुनिया भर ऐला कहिथे, भैइया धान के कटोरा ।।

लोकेश कुमार सेन
(एम.ए. राजनीति विज्ञान)

ज्ञानवर्धक बातें

बाइबल के नीतिवचन

- मनुष्य का ज्ञानरहित रहना अच्छा नहीं,
  और जो उतावली से दौड़ता है, वह चूक जाता है।

- जो शिक्षा पाने से प्रीति रखता है, वह ज्ञान से प्रीति रखता है,
  परन्तु जो डाँट से बैर रखता है, वह पशु सरीखा है।

- जो शिक्षा को सुनी–अनसुनी करता है, वह निर्धन होता और अपमान पाता है,
  परन्तु जो डाँट को मानता है, उसकी महिमा होती है।

- बुद्वि श्रेष्ठ है, इसलिए उसकी प्राप्ति के लिए यत्न कर,
  उसकी बड़ाई कर, तब वह तुझको बढ़ाएगी।

- जो सत्य में दृढ़ रहता, वह जीवन पाता है,
  परन्तु जो बुराई का पीछा करता, वह मृत्यु का कौर हो जाता है।

- सज्जन अपनी बातों के कारण, उत्तम वस्तु खाने पाता है,
  परन्तु विश्वासघाती, लोगों का पेट उपद्रव से भरता है।

- निर्धन के पास धन नहीं रहता, परन्तु जो अपने परिश्रम से बटोरता है, उसकी बढ़त होती है।

- जहाँ बहुत बातें होती है वहाँ अपराध भी होता है,
  परन्तु जो अपने मुँह को बन्द रखता वह बुद्वि से काम करता है ।

- मूर्ख को अपनी ही चाल सीधी जान पड़ती है,
  परन्तु जो सम्मति मानता, वह बुद्विमान है।
  मूर्ख की रिस उसी दिन प्रकट हो जाती है,
  परन्तु चतुर अपमान को छिपा रखता है।

- जो अपने मुँह की चौकसी करता है,
  वह अपने प्राण की रक्षा करता है,
  परन्तु जो गाल बजाता है उसका विनाश हो जाता है।

- जो संभलकर बोलता है, वह ज्ञानी ठहरता है,
  और जिसकी आत्मा शांत रहती है,
  वही समझवाला पुरूष ठहरता है।

- नाश होने से पहले मनुष्य के मन में घमण्ड,
  और महिमा पाने से पहले नम्रता होती है।

डॉ. रश्मि कुजूर
सहा. प्राध्यापक (समाजशास्त्र)

छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सम्मान / पुरस्कार

'kghn ohj ukjk;.k flag lEeku%& 10 दिसम्बर 1857 को इन्हें फांसी दी गई। अन्याय के खिलाफ सतत संघर्ष करने, चेतना जगाने, ग्रामीणों को उनके भौतिक अधिकारों के प्रति जागृति उत्पन्न करने हेतु यह पुरस्कार दिया जाता है।

;fr ;ru yky lEeku%& हिन्दु मुस्लिम एकता के लिए महत्वपूर्ण प्रयास स्वतंत्रता आन्दोलन के प्रणेता अनेक बार जेल गए। अहिंसा और गौरक्षा के क्षेत्र में पुरस्कार दिया जाता है।

x|.Mk/k|j lEeku%& जनजातीय क्षेत्र के क्रांतिवीरों में गुण्डाधुर का नाम श्रेश्ठ है। अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ अदम्य शौर्य और रणनीति , छापामार युध्द के जानकार देशभक्त की स्मृति में साहसिक कार्य और खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु यह पुरस्कार दिया जाता है।

feuh ekrk lEeku%& अपने समाज की गरीबी, अशिक्षा, पिछड़ापन दूर करने को समर्पित 1952 से 72 तक महिलाओं के उत्थान के लिए प्रयासरत। मलिआ उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु यह पुरस्कार दिया जाता है।

x|: ?kklhnkl lEeku %& सतनाम उपदेश, सतनाम सिद्धांत , के प्रवर्तक सत्य अहिंसा सामाजिक चेतना और न्याय के क्षेत्र में यह पुरस्कार दिया जाता है।

Bkd|j l;kj|yky lEeku%& श्रमिक आन्दोलन के प्रमुख, मिल मजदूरों के शोषण के विरूद्ध जागरूक सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर यह पुरस्कार दिया जाता है।

gkth glu vyh lEeku %& उर्दू की सेवा के लिए अनेक पुरस्कारो से सम्मानित, उर्दू अदब को प्रोत्साहन देने का कार्य किया। उर्दू भाषा की सेवा के लिए यह पुरस्कार दिया गया।

egkjktk çohjpUæ e|tno lEeku%& आदिवासी हितों की रक्षा संगठन और अधिकारी की रक्षा इस यशस्वी सपूत ने की तीरंदाजी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर यह सम्मान दिया जाता है।

i|- jfo'kdj 'k|Dy lEeku%& भारत छोड़ो आन्दोलन के नेतृत्वकर्ता तथा भिलाई स्पात संयंत्र की स्थापना संस्कृत, आयुस विज्ञान, इंजिचरिग महाविद्यालयों के प्रेरक। महाकौशल पत्र के प्रकाशक सामा आर्थिक शैक्षिक क्षेत्र के प्रयत्नों के लिए यह पुरस्कार दिया जाता है।

i|- l|Unj yky 'kek lEeku %& लगभग 18 ग्रंथो के रचनाकार 1920 में कण्डेल नहर सत्याग्रह के नेतृत्वकर्ता और छत्तीसगढ़ के गांधी। साहित्यिक गतिविधियों से संबंधित पुरस्कार दिया जाता है।

nkÅ e|nj|k th lEeku%& नाचा के माध्यम से भारतीय लोक संस्कृति को परवान चढ़ाने वाले दाऊ मंदरा जी सम्मान लोककला के संवर्धन के लिए दिया जाता है।

M,- [k|cpUn c?k|y lEeku %& 1930 में नमक सत्याग्रह में शामिल। 1940 में तीसरी बार जेल 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन से राष्ट्रीय चेतना का अलख जगाया कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि पर यह पुरस्कार दिया जाता है।

डॉ. श्रीमती शबनूर सिद्दीकी
प्राध्यापक – इतिहास

भारत में लोकसाहित्य

किसी भी देश के वाड्मय में लोक साहित्य का प्रधान स्थान होता है। लोक साहित्य के अंतर्गत लोकगीत, लोक गाथा, लोक कला, लोक नाट्य और लोक सुभाषित समाहित किया गया है। साथ ही साथ इसमें लोकोक्ति, मुहावरा, पहेली और सूक्तियो का भी अंतर्भाव पाया जाता है।

प्राचीन भारत में लोक साहित्य की परम्परा प्रचुर परिमाण में पायी जाती है। वेदों, पुराणों, रामायण, महाभारत, महाकाव्यों तथा नाटकों के अध्ययन से पता चलता है कि अतीत युग में भी लोक साहित्य की सत्ता विद्यमान थी। लोक साहित्य की विभिन्न विधाओं, लोक गीत, लोक कथाओं की चर्चा अनेक स्थानों पर पायी जाती है। भारत लोककथा के क्षेत्र में तो सबसे समृद्ध माना जाता है। यहाँ के कथा साहित्य ने संसार की प्राचीनतम कथाओं 'इसापस फेबुल्स' आदि को भी प्रभावित किया है। पंचतंत्र की विभिन्न कथाओं ने इस प्रकार अन्य देशों के कथा साहित्य पर अपना प्रभाव डाला है। इसकी कथा बड़ी रोचक है। पंचतंत्र की विजय यात्रा लोक साहित्य के इतिहास में अपना विशेष स्थान रखती है। यह यात्रा ऐतिहासिक होने के साथ ही गौरवशालिनी भी है। संस्कृत भाषा में भी लोकोकितयों, पहेलियो तथा मुहावरो का प्रचुर भण्डार दिखलाई पड़ता है। एक जर्मन विद्वान ने संस्कृत साहित्य में उपलब्ध लोकोक्तियों का संकलन अत्यंत परिश्रम से करके उन्हें अनेक भागों में प्रकाशित किया है। पहेली जिसे संस्कृत में प्रहेलिका कहा जाता है, के बीज तो ऋग्वेद में ही उपलब्ध होते है। अंतरलिपिका तथा बहिर्लिपिका के भेद से पहेलिया के अनेक भेद पाये जाते है। संस्कृत साहित्य में मुहावरे भी उपलब्ध होते है।

प्राचीन भारत में संस्कृत, पाली प्राकृत आदि भाषाओं में लोक साहित्य संबंधी सामग्री विपुल परिमाण में उपलब्ध होती है, जिसमें लोकगीत और लोकगाथा की रचना परम्परा अत्यंत प्राचीन काल से चली आ रही है। हमारे सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद में लोकगीतों तथा गाथाओं का उल्लेख पाया जाता है। पद्य या गीत के अर्थ में गाथा शब्द का प्रयोग ऋग्वेद में अनेक स्थानों पर पाया जाता है जैसे –

''प्रकृतान्यृजीषिणः''।

कण्वा इन्द्रस्य गाथया।

मदे सोमस्य वोचन।।

ऋग्वेद के अलावा ब्राह्मण तथा आरण्यक ग्रंथों में गाथाओं का विशेष महत्व है। महाभारत काल में ऐतिहासिक गाथाओं की परम्परा विशेष रूप से दिखलाई पड़ती है।

लोक साहित्य के एक महत्वपूर्ण प्रकार के रूप में लोककथा का साहित्य में विपुल रूप में प्राप्त होता है। इसने भारतीय साहित्य पर ही अपनी छाप नहीं डाली है, प्रत्युत पश्चिम देशों के कथासाहित्य पर भी अपना व्यापक प्रभाव डाल

रखा है । भारत वर्ष के तीनों वैदिक, जैन तथा बौद्ध धार्मिक सम्प्रदायों ने अपने सिद्धांतों के विशद् प्रचार तथा प्रसार के लिए कथाओं तथा आरण्यानों का प्रयोग किया है । ऋग्वेद तथा 'संवाद सूक्त' अनेक महत्वपूर्ण कथाओं के लिए प्रख्यात है । सामान्य तौर पर लोक कथा के दो स्वरूप दिखलाई पड़ता है :- 1. वृहत् तथा 2. पंचतंत्र । इसमें वृहत् कथा प्राचीनतर है । यह पैशाची भाषा में लिखी गई है एवं पंचतंत्र कथा संस्कृत भाषा में प्राचीन काल में दिखलाई पड़ता है ।

प्राचीन काल में लोक साहित्य का एक प्राचीन स्वरूप पहेली भी है, जिससे संस्कृत में प्रहेलिका कहा गया है तथा इसका बीज हमें ऋग्वेद में प्राप्त होता है । पहेली का एक उदाहरण दृष्टव्य है –

''सूर्यः एकाकी चरति, चन्द्रमा जायते पुनः ।
अग्नि हिमस्य भेषजः, भूमिरावपनं महत् ।।''

ऐसी पहेलियां मन को चमत्कृत कर देती है । इसके अतिरिक्त लोकसाहित्य के अंतर्गत प्राचीन काल में लोकोक्तियां, मुहावरे इत्यादि भी सजीव एवं सरस रूप में दिखलाई पड़ते है ।

प्राचीन काल से मध्यकाल, मध्यकाल से आधुनिक काल तक आते-आते लोकसाहित्य की रचना में क्रमशः वृद्धि दिखलाई पड़ती है तथा भारत के सभी प्रांतों में लोक साहित्य का स्वरूप दिखलाई पड़ता है । चाहे वह हिमाचल प्रदेश हो चाहे पंजाब चाहे जम्मू कश्मीर हो, चाहे राजस्थान, आधुनिक समय में भारत में छत्तीसगढ़ राज्य लोक साहित्य की दृष्टि से अत्यंत प्रसिद्ध दिखलाई पड़ता है । जहाँ पर लोकगीत, लोक कथा गाथा का प्रचुर भंडार दिखाई पड़ता है । लोकगीतों में पंथीगीत, करमा गीत एवं नृत्य, सुआ गीत, विवाह गीत, राउत नाचा के गीत तथा लोकगाथा में रेवा रानी, अहिमन रानी, केवल रानी की कथा, लोरिक चंदा, पंडवानी, ढोला मारू कथा प्रसिद्ध है । इसके अलावा हरबोलवा परंपरा भी छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य का महत्वपूर्ण अंश है ।

संक्षेप में हम यह कह सकते हैं कि आदिकाल से श्रुति एवं स्मृति के सहारे जीवित रहने वाले लोक साहित्य के कुछ विशेष सिद्धांत है । इस साहित्य में मुख्य रूप से वे रचनाएँ ही स्वीकार की जाती है अथवा जीवन पाती है जो अनेक कंठों से अनेक रूपों में बनकर बिगड़कर एक सर्वमान्य रूप धारण कर लेती है । यह रचनाक्रम आदिकाल से अब तक जारी है और इसी लोक साहित्य के स्वरूप लोकगीत, लोकगाथा आदि के कारण भारत की छवि देश विदेश में अत्यंत उज्ज्वल दिखालाई पड़ती है । अनुमान है कि भविष्य में भारत के हर प्रांत में हर छोटे-छोटे गाँव के लोक साहित्य में प्रचुर रचना होगी ।

डॉ. सुलेखा अग्रवाल
सहायक प्राध्यापक (हिंदी)
शास. पं. श्यामाचरण शुक्ल
महाविद्यालय, धरसींवा

कोदूराम दलित का जीवन परिचय

परिचय

कवि कोदूराम 'दलित' का जन्म 5 मार्च 1910 को ग्राम टिकरी (अर्जुन्दा), जिला-दुर्ग में हुआ। आपके पिता श्री राम भरोसा कृषक थे। उनका बचपन ग्रामीण परिवेश में खेतिहर मजदूरों के बीच बीता। उन्होंने मिडिल स्कूल अर्जुन्दा में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। तत्पश्चात नार्मल स्कूल, रायपुर, नार्मल स्कूल, बिलासपुर में शिक्षा ग्रहण की। स्काउटिंग, चित्रकला तथा साहित्य विशारद में वे सदा आगे-आगे रहें। वे 1931 से 1967 तक आर्य कन्या गुरूकुल, नगर पालिका परिषद् तथा शिक्षा विभाग, दुर्ग की प्राथमिक शालाओं में अध्यापक और प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यरत रहे।

ग्राम अर्जुन्दा में आशु कवि श्री पीला लाल चिनोरिया जी इन्हे काव्य-प्रेरणा मिली। फिर वर्ष 1926 में इन्होंने कविताएँ लिखनी शुरू कर दीं इनकी रचनाएँ लगातार छत्तीसगढ़ के समाचार-पत्रों एवं साहित्यिक पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहीं। इनके पहले काव्य-संग्रह का नाम है - 'सियानी गोठ' (1967), फिर दूसरा संग्रह है - 'बहुजन हिताय-बहुजन सुखाय' (2000)। भोपाल, इंदौर, नागपुर, रायपुर आदि आकाशवाणी-केन्द्रों से इनकी कविताओं तथा लोक-कथाओं का प्रसारण अक्सर होता रहा है। मध्य प्रदेश शासन, सूचना-प्रसारण विभाग, म.प्र. हिन्दी साहित्य अधिवेशन, विभिन्न साहित्यिक सम्मेलन, स्कूल-कॉलेज के स्नेह सम्मेलन, किसान मेला, राष्ट्रीय पर्व तथा गणेशोत्सव में इन्होंनेकई बार काव्य-पाठ किया। सिंहस्थ मेला (कुम्भ), उज्जैन में भारत शासन द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में महाकौशल क्षेत्र से कवि के रूप में भी आपको आमंत्रित किया जाता था। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नगर आगमन पर भी ये अपना काव्यपाठ करते थे।

आप राष्ट्र भाषा प्रचार समिति वर्दा की दुर्ग ईकाई के सक्रिय सदस्य रहे। दुर्ग जिला साहित्य समिति के उपमंत्री, छत्तीसगढ़ साहित्य के उपमंत्री, दुर्ग जिला हरिजन सेवक संघ के मंत्री, भारत सेवक समाज के सदस्य, सहकारी बैंक दुर्ग के एक डायरेक्टर, म्यु.कर्मचारी सभा नं. 467, सहकारी बैंक के सरपंच, दुर्ग नगर प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारिणी सदस्य, शिक्षक नगर समिति के सदस्य जैसे विभिन्न पदों पर सक्रिय रहते हुए अपने-अपने बह आयामी व्यक्तित्व से राष्ट्र एवं समाज के उत्थान के लिए सदैव कार्य किया है।

पंडित सुन्दर लाल शर्मा के साहित्य के पश्चात् छत्तीसगढ़ी को अपनी सुगढ़ लेखनी से समृद्ध करने वाले दो कवि प्रमुख है :- पं. द्वारिका प्रसाद तिवारी 'विप्र' तथा कोदूराम 'दलित' विप्र जी को भाग्यवश प्रचार और प्रसार दोनों प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हुए, दुर्भाग्यवश उन्हीं के समकालीन और सशक्त लेखनी के धनी कोदूराम जी को न तो प्रतिभा के अनुकूल ख्याति मिली और न ही प्रकाशन की सुविधा में लगे रहते थे। साहित्यिक साधना में वे इतने लीन हो जाते थे की खाना, पीना और सोना तक भूल जाते थे, इसके बावजूत वे वर्षों दुर्ग जिला में हिन्दी साहित्य समिति, प्राथमिक शाला

शिक्षक संघ, हरिजन सेवक तथा सहकारी साख समिति के मंत्री पद पर अत्यंत योग्यता के साथ कर्तव्यरत् रहे। दलित जी विचारधारा के पक्के गाँधीवादी तथा राष्ट्रभक्त थे, राष्ट्र भाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए वे सदैव चिंतित रहते थे और गाँधी टोपी लगाते थे। उनका रहन-सहन अत्यंत सदा और सरल था। सादगी में उनका व्यक्तित्व और भी निखर उठता था। दलित जी अत्यंत और सरल हृदय के व्यक्ति थे, पुरानी पीढ़ी के होकर भी नयी पीढ़ी के साथ सहज ही घुल-मिल जाते थे। मुझ जैसे एकदम नए साहित्यकारों के लिए उनके हृदय में अपर स्नेह था।

दलित जी मूलतः हास्य व्यंग्य के कवि थे किन्तु उन्हें व्यक्तित्व में बड़ी गंभीरता और गरिमा थी. कवि-सम्मेलनों में वे मंच लूट लेते थे. उस समय छत्तीसगढ़ी में क्या, हिन्दी में भी शिष्ट हास्य-व्यंग्य लिखने वाले उँगलियों में गिने जा सकते थे. वे सीधी-सादे ढंग से काव्य पाठ करते थे फिर भी श्रोता हँसते-हँसते लोट-पोट हो जाते थे और दलित जी गंभीर बने बैठे रहते थे. उनकी यह अदा भी देखने लायक ही रहती थी. देखने में वे ठेठ देहाती लगते और काव्य पाठ भी ठेठ देहाती लहजे में करते थे. छत्तीसगढ़ी भाषा और उच्चारण पर उनका अद्भुत अधिकार था. हिन्दी के छंदों पर भी उनका अच्छा अधिकार था. वे छत्तीसगढ़ी कवितायें हिन्दी के छंद में लिखते थे जो सरल कार्य नही है. दलित जी मूलतः छत्तीसगढ़ी के कवि थे.

वह तो आजादी के घोर संगर्ष का दिन था. अतः विचारों को गरीब जनता तक पहुँचाने के लिए छत्तीसगढ़ी में अच्छा माध्यम और क्या हो सकता था. दलित जी ने गद्य और पद्य दोनों में समान गति और समान अधिकार से लिखा. उन्होने कुल 13 पुस्तकें लिखी है :- (1) सियानी गोठ (2) हमर देश (3) कनवा समधी (4) दू-मितान (5) प्रकृति वर्णन (6) बाल-कविता ये सभी पद्य में है. गद्य में उन्होंने जो पुस्तकें लिखी है वे है :- (7) अलहन (8) कथा-कहानी (9) प्रहसन (10) छत्तीसगढ़ी लोकोक्तियाँ (11) बाल-निबंध (12) छत्तीसगढ़ी शब्द-भंडार, उनकी तेरहवीं पुस्तक कृष्ण-जन्म हिंदी पद्य में है. इतनी पुस्तकें लिख कर भी उनकी एक ही पुस्तक ''सियानी-गोठ'' प्रकाशित हो सकी। यह कितने दुर्भाग्य की बात है. दलित जी की अन्य पुस्तकें आज भी अप्रकाशित पड़ी हैं और हम उनके महत्वपूर्ण साहित्य से वंचित है. ''सियानी-गोठ'' में दलित जी की 76 हास्य-व्यंग्य की कुण्डलियाँ संकलित है. हास्य-व्यंग्य के साथ दलित जी ने गंभीर रचनाएँ भी की है जो गिरधर कविराय की टक्कर की है।

दलित जी ने सन् 1926 से लिखना आरंभ किया. उन्होंने लगभग 800 कवितायें लिखी. जिनमें कुछ कवितायें तत्कालीन पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई और कुछ कविताओं का प्रसारण आकाशवाणी से हुआ. आज छत्तीसगढ़ी में लिखने वाले निष्ठावान साहित्यकारों की पूरी पीढ़ी सामने आ चुकी है, किन्तु इस वट-वृक्ष को अपने लहू-पसीने से सींचने वाले, खाद बनकर उनकी जड़ों में समा जाने वाले साहित्यकारों को हम न भूलें।

रूखमणी देवांगन
एम.ए. (हिन्दी साहित्य)

छत्तीसगढ़ी साहित्य की विकास यात्रा

संत कबीर के शिष्य संत धर्मदास की रचनाएँ हमें लिपिबद्ध छत्तीसगढ़ी कविता के रूप में प्रथमतः मिली है. इससे पूर्व किसी प्रभावी छत्तीसगढ़ी कवि को ऐसी जनस्वीकृति नहीं मिली. छिटपुट शिलालेखों में छत्तीसगढ़ी के प्रयोग उदाहरणार्थ मिलते है. मगर विधिवत काव्य ग्रन्थों का प्रणयन धर्मदास ने ही किया. न केवल कबीर पंथी जगत में इनकी रचनाएँ पूजित हुई, बल्कि आम जन में भी धर्मदास की रचनाएँ स्वीकृत हुई. श्रुति परम्परा ने धर्मदास की रचनाओं का अभिरक्षण किया लिपिबद्ध होकर ये रचनाएं पीढ़ियें के रूप में हमें परम्परा से जोड़ रही है।

जैसे – एक चिकित्सक जो एम.बी.बी.एस होता है, वह अपने ज्ञान का प्रचार नहीं करता वह धमंड नहीं करता और अपने चिकित्सालय में सभी व्यक्ति का सही उपचार करता है और सभी को एक समान समझता है परन्तु जो चिकित्सक गॉवों मे रहते है और जिनके पास पूर्ण डिगरी नहीं होती है और वह गाँव में अपना एक अलग चिकित्सालय खोल कर इलाज करता है, उन्हें लगता है, कि उन्हें सब कुछ पता है और पैसे की लालच के वजह से वे लोगो को गलत दवाईयाँ भी देते है एवं गलत उपचार करते है जिसके वजह से लोगों का बीमारी और भी बढ जाती है या उनकी मृत्यु हो जाती है, जिसकी वजह से उन डॉक्टरों को मुसीबत का सामना करना पड़ता है यही हर उस व्यक्ति का हश्र होता है, जो व्यक्ति अपने ज्ञान झूठा प्रदर्शन करता है और यह भ्रम रखता

है कि वह बहुत ज्ञानी है।

3. पूर्ण ज्ञानी व्यक्ति :– जो व्यक्ति पूर्ण ज्ञानी होता है, वह अपने ज्ञान का व्यर्थ प्रदर्शन नहीं करता और उस व्यक्ति में धमंड की भावना नहीं होती, वह सभी व्यक्ति को एक समान समझता है और सभी के साथ अच्छा व्यवहार करता है, सभी को वास्तविक ज्ञान देता है एवं सही मार्गदर्शन देता है, अपने ज्ञान का धमंड नहीं करता व सभी से आदर पूर्वक व्यवहार करता है।

उपसंहार :– किसी भी व्यक्ति को ज्ञान का धमंड नहीं करना चाहिए धमंड व्यक्ति को सही मार्ग से भटका देता है, व्यक्ति को जितना भी ज्ञान हो, उसे हमेशा ज्ञान अर्जित करते रहना चाहिए। किसी भी व्यक्ति को अपने ज्ञान का झूठा प्रदर्शन नहीं करना चाहिए और सभी से समान व्यवहार करना चाहिए इसी वजह से अपूर्ण ज्ञानी व्यक्ति के लिए कहा गया है, कि – ''ज्ञान का सबसे बड़ा शत्रु अज्ञानता नहीं, बल्कि ज्ञान का भ्रम है।'

पूजा परगनिहा
एम.ए. हिन्दी तृतीय सेमेस्टर

''पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सामाजिक एवं राजनैतिक योगदान''

प्रस्तावना :– पण्डित दीनदयाल उपाध्याय, राश्ट्र के सजग प्रहरी व सच्चे राश्ट्र भक्त के रूप में भारतवासियों के प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। राश्ट्र की सेवा में सदैव तत्पर रहने वाले दीनदयाल जी का यही उद्देश्य था, कि वे अपने राश्ट्र, भारत को सामाजिक राजनैतिक, आर्थिक, शैक्षणिक क्षेत्रों में बुलदियों तक पहुँचा देख सकें।

जीवन परिचय :– पण्डित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म, जयपुर के नाम धनकिया में 25 सितम्बर 1916 को हुआ था। उनके पिता भगवती प्रसाद उपाध्याय स्टेशन मास्टर थे। बचपन में ही उनके माता–पिता का देहावसान हो गया, उसके बाद उनका लालन पालन उनके मामा राधारमन शुक्ल के यहाँ हुआ। उन्होनें मैट्रिक की परीक्षा, प्रथम श्रेणी में प्रथम स्थान लेकर अपने मेधावी प्रतिभा–शक्ति का परिचय दिया।

मिलानी राजस्थान से इंटरमीडियट की परीक्षा प्रथम श्रेणी में, तथा कानपुर से के धर्म कालेज से प्रथम श्रेणी में बी.ए.(स्नातक) व आगरा के सेंट जोन्स कालेज से एम.ए. की परीक्षा अच्छे अंको से उत्तीर्ण कर अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यार्थी जीवन में ही राश्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से प्रभावित होकर उसमें शामिल होने का निर्णय ले लिया। लखीमपुर से जिला प्रचारक के रूप में 1942 में पद भार ग्रहण कर आजीवन उन्हीं के सिद्धान्तों पर चलते रहे।

देश व समाज के लिए कार्य करते हुए, 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय स्टेशन पर उनका पार्थिव शरीर रहस्यामयी परिस्थितियों में प्राप्त हुआ। उनके नश्वर शरीर को देखकर भारतवासियों का सच्चा हृद्य रो पड़ा। राश्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी सदस्यों और नेताओं के लिए यह घटना, किसी आघात से कम

नहीं थी।

उनका राजनीतिक जीवन :– पण्डित दीनदयाल उपाध्याय, एक ऐसी राजनीतिक विचार धारा के सूत्राधार एवं समर्थक थे, जिन्होने राश्ट्रभक्ति में कथनी और करनी में अन्तर न रखने वाले, इस महापुरूश ने भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी गहरी आस्था बनाये रखी। हिन्दुत्ववादी चेतना को वे भारतीयता का प्राण समझते थें।

सामाजिक जीवन :– पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी समाज के प्रति अत्यधिक जागरूक एवं कर्मशील व्यक्ति थे तथा समाज के व्यक्तियों का निःस्वार्थ सेवा करते थे।

उनके महत्वपूर्ण कार्य :– दीनदयाल जी एक राजनीतिक विचारक होने के साथ–साथ साहित्यकार, अनुवादक व पत्रकार भी थे। उनकी लिखी पुस्तको में सम्राट चन्द्रगुप्त भारतीय अर्थनीति एक दिशा, जगदगुरू शंकराचार्य, विशिश्ट हैं। उन्होंने ''पांचजन्म'' तथा मासिक ''राश्ट्रधर्म '' ''दैनिक स्वदेश'' पत्रिकाओं का सम्पादन की कुशलतापूर्वक किया। 21 अक्टूबर 1951 में भारतीय जनसंघ की दिल्ली में स्थापना होने के पीछे उनका नेतृत्व प्रमुख था। भारतीय जनसंघ की कई सभाओं और अधिवेशनों में वे महामन्त्री और अध्यक्ष भी रहे।

उपसंहार :– पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी राश्ट्र निर्माण के कुशल शिल्पियों में से एक रहे हैं। दीनदयाल जी ऐसे महापुरूश थे, जिन्होंने अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन के प्रति उत्साह–पूर्वक कार्य किया, जिसके लिए उनके कई विरोधी भी हुए, किन्तु उनका राश्ट्र भक्ति का ध्येय होने के कारण उनका उद्देश्य कोई डिगा नहीं सका।

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी के धर्म सम्बन्धित विचार:– जब मानव धर्म व सिद्धान्त के अनुसार अपने स्वभाव में परिवर्तन लाता है तो उसे संस्कृति और सभ्यता का सच्चा ज्ञान होता है।यही संस्कृति और सभ्यता उनके सच्चे धरोहर हैं, जिससे वे मानवता से जुड़े रहते हैं। संस्कृति हमें जहाँ संस्कार प्रदान करती है वही सभ्यता जीने का ढंग। अतः समाज देश एवं मानवता के लिए संस्कृति और सभ्यता महती आवश्यक है।

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी के आर्थिक सम्बन्धित विचार:– उपाध्याय जी का विचार था कि शासन की आर्थिक योजनाओं का लाभ समाज के गरीब एवं पिछड़े लोगों को मिलना चाहिए न कि पूंजीपतियों को।इस प्रकार योजनाओं के लाभ से निर्धनों का विकास होगा जिससे देश का आर्थिक विकास संभव होगा।

निश्कर्श :–अतः कहा जा सकता है कि,पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी ने अपना पूरा जीवन देश एवं समाज की सेवा मेंनिश्ठापूर्वक समर्पित किया है। उनके साहसिक प्रयत्नों से समाज में एक नई चेतना का आविर्भाव हुआ, जिससे समाज के अनेक क्षेत्रों में सुधारात्मक एवं विकासात्मक परिवर्तन देखने को मिलता है। वे समाज के सच्चे प्रहरी हैं, समाज एवं देश के लिए उनकी भूमिका अविस्मरणीय है।

विनय कुमार वर्मा
एम.ए. हिन्दी तृतीय सेमेस्टर

भारत की भाषा और संस्कृति

किसी भी राष्ट्र की पहचान उसके भाषा और संस्कृति से होती है और पूरे विश्व में हर देश की एक अपनी भाषा और अपनी एक संस्कृति है। जिसे छाव में उस देश के लोग पले बडें होते है। यदि कोई देश अपनी मूल भाषा को छोड़कर दूसरे देश की भाषा पर आश्रित होता है उसे सांस्कृतिक रूप से गुलाम माना जाता है क्योंकि आप कल्पना कर सकते है, जिस भाषा को अपने बचपन से बोलते है और उसी भाषा में अपने सारे कार्य करने पड़े तो आपको आगे बढ़ने में ज्यादा परेशानी नही होगी लेकिन यदि आप जो बोलते है उसे छोड़कर काई दूसरी भाषा में आपको कार्य करना पड़े तो कही न कही यही दूसरी भाषा हमारे विकास में बाधक जरूर बनती है।

हमारे देश की मूल भाषा हिन्दी है लेकिन भारत में अंग्रेजी की गुलामी के बाद हमारे देश के भाषा पर भी अंग्रेजी भाषा का आधिपत्य हुआ भारत देश तो आजाद हो गया लेकिन हिन्दी भाषा अंग्रेजी भाषा का आज भी आधिपत्य आज तक कायम है। अक्सर अपने देश के लोग के मुह से यह कहते हुए सुना जाता है की हमारी हिन्दी थोड़ी कमजोर है। ऐसा कहने का तात्पर्य यही होता है की उनकी अंग्रेजी भाषा हिन्दी के मुकाबले काफी अच्छी है और यदि भूल से यह कह दे की हमारी अंग्रेजी कमजोर है तो उसे कम पढ़ा लिखा मान लेते है क्या यह सही है। किसी भाषा पर अगर हमारी अच्छी पकड़ न हो तो क्या इसे अनपढ़ मान लिया जाय शायद ऐसा होना हमारे देश की विडम्बना है।

हिन्दी भाषा का महत्व

हमारे देश भारत की मुख्य भाषा हिन्दी है, बिना हिन्दी के हम कोई भी अपनी दिनचर्या नही बता सकते है लेकिन आज भी हमारे देश में अंग्रेजी भाषा का आधिपत्य है जो हमारी भाषा हिन्दी को सम्मान मिलना चाहिए। शायद वो आज तक अभी नही मिला है। लेकिन बिना हिन्दी के हम अपने विकास की कल्पना नही कर सकते है।

हिन्दी भाषा के प्रसार के लिए भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के योगदान को भुलाया नही जर सकता है और सौभाग्य मे हमें भी भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के वाराणसी मे स्थित हरिश्चन्द्र कॉलेज में इंटर की पढाई करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

हिन्दी भाषा का महत्व भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के इस कथन से लगाया जा सकता है

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल ।
बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल।।
विविध कला शिक्षा अमित, ज्ञान अनेक प्रकार।
सब देसन से लै करहू, भाषा माहि प्रचार।।

निज यानी अपनी मूल भाषा से ही उन्नति सम्भव है, क्योंकि यही सारी हमारी मूल भाषा ही सभी उन्नतियों का मूलाधार है। मातृ भाषा के ज्ञान के बिना हृद्य की पीड़ा का निवारण संभव नही है।हमें विभिन्न

प्रकार की कलाएँ, असीमित शिक्षा तथा अनेक प्रकार का ज्ञान सभी देशो से जरूर लेने चाहिए, परन्तु उनका प्रचार मातृ भाषा में करना चाहिए।

हिन्दी भाषा का इतना अधिक महत्व है कि बिना हिन्दी को इन्टरनेट से जुड़े लोगो को इन्टरनेट से नही जोड़ सकते है, और जब कोई भी काम अपने भाषा में हो तों यह लोगो को जल्दी समझ में आती है। इसी कारण अब इन्टरनेट की दुनिया भी हिन्दी को अपनी आधिकारिक भाषा के रूप में अपना लिया है जिससे हर भारतीय अब आसानी से इन्टरनेट से जुड़ सकता है।

सही अर्थों में कहा जाये तो अगर हम अपने मूल भाषा हिन्दी का प्रचार – प्रसार करें तो निश्चित ही विविधता वालें भारत को अपनी हिन्दी भाषा के माध्यम से एकता में जोड़ा जा सकता है।

हिन्दी के महत्व को देखते हुए, प्रतिवर्श 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिन्दी दिवस एक ऐसा अवसर होता है, जिसके माध्यम से सभी भारतीयों को एकता के सूत्र में बांधा जा सकता है, तो आईये हम सब लोगो को अधिक से अधिक हिन्दी भाषा के महत्व को समझाए और पूरे विश्व में हिन्दी भाषा को उचित सम्मान दिलाये और खुद एक हिन्दी भाषी बने ।

आसमा परवीन
एम.ए. प्रथम सेमेस्टर (हिन्दी साहित्य)

''नया युग''

कपड़े हो गये छोटे, शर्म कहॉ से हो,
अनाज हो गया रासायनिक का स्वाद कहॉ से हो।
भोजन हो गया डालडा का, ताकत कहॉ से हो,
नेता हुआ कुर्सी का देश, सुखी कहॉ से हो।
फूल हुआ प्लास्टिक का खुशबु कहॉ से हो,
चेहरा हुआ मेकअप का, रूप कहॉ से हो।
प्रोग्राम हुआ चैनल का, संस्कार कहॉ से हो,
इंसान हुआ पैसा का, दया कहॉ से हो।
भगत हुआ स्वार्थ का, भगवान कहॉ से हो,
पानी हुआ केमिकल का गंगा जल कहॉ से हो,
लोग हुए पराए, दुनियॉ कहॉ से हो।

संदीप कुमार
एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर (राजनीति शास्त्र)

रक्त दान का महत्व

रक्त हमारे शरीर का एक तरल पदार्थ है, जो शरीर के लिए आवश्यक पोशक तत्वों को शरीर के विभिन्न भागों तक पहुँचाता है। रक्त दान का हमारे जीवन में बहुत महत्व है, हमारी यह सोच कई लोगों का जीवन बचा सकता है तथा उनके जीवन को खुशियों से भर सकता है। रक्त दान करने से हमारे शरीर में भी कुछ सकरात्मक लक्षण आते हैं, जिससे हमें भी लाभ होता है।

रक्त दान क्या है?

रक्तदान के महत्व को समझने से पहले रक्त दान क्या है, यह समझना आवश्यक है। रक्त दान का अर्थ, हमारे शरीर के रक्त को निकालकर किसी जरुरतमंद व्यक्ति के शरीर में दान करना होता है। विभिन्न स्थानों में ब्लड कैम्प लागाकर, लोगों के रक्त को निकालकर, विभिन्न अस्पतालों में दिया जाता है, जिससे लाखों लोगों की जान बच जाती है।

रक्त दान आवश्यकताः–

हमारे जीवन में रक्त दान की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि हमारा यह कर्तव्य लाखों लोगों की जान बचा सकता है। रक्त दान करने से रक्तदाता के शरीर में नवीन रक्त का निर्माण व संचार होने लगता है, जिससे वह विभिन्न प्रकार की बीमारियों से भी मुक्त हो सकता है, तथा हम एक सुदृढ़ तथा सशक्त राष्ट्र की संकल्पना कर सकते हैं। देश के सभी व्यक्ति जिनकी आयु 18 वर्श से अधिक है, तथा जिनका वजन 45 किलोग्राम से अधिक हो, रक्त दान कर सकता है।

रक्त दान का महत्व :–

हमारे जीवन में रक्त दान का बहुत अधिक महत्व है, हमारा यह कदम बहुत लोगों का जीवन बचाया जा सकता है, बहुत से लोग जो बीमारियों से पीड़ित हैं या दुर्घटनाग्रस्त हैं, उनकों रक्त की बहुत अधिक आवश्यकता होती है, तथा हमारा यह कर्तव्य बनता है, कि हम परोपकार की भावना रखते हुए, अपने लिए नहीं बल्कि सबके लिए, सबके साथ जीवन यापन करें।

"रक्त दान महादान कहते हैं" यह कथन पूर्णतः सत्य है, यह हमारा कर्तव्य है कि हम रक्तदान कर अपने जीवन को सार्थक करें।

सुनीत कुमार वर्मा
बी.एस.सी. तृतीय (गणित)

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी

(1) प्रस्तावना :– अंग्रेजों की शोषण नीति और असह्य परतन्त्रता से भारतवर्ष को मुक्त कराने में अनेक महापुरूषों ने अपनी शक्ति और सामर्थ्य के अनुसार योगदान दिया। आदरणीय लोकमान्य तिलक, श्रद्वेय मालवीय जी, पूज्य बापू, क्रान्ति दूत सुभाष आदि स्वतंत्रता संग्राम के सेनानायक थे जिन्होंनें देश की स्वतन्त्रता के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। कांग्रेस के बाल्यकाल में ही आपस में फूट पडी, दो दल बन गये एक नरम दल और दूसरा गरम दल। नरम दल की बागडोर गांधी जी के हाथ में आई। भारत वर्ष की स्वतन्त्रता प्राप्ति के लिए गॉधी जी ने जीवन भर प्रयत्न किये और उन्होंने भारतवर्ष को स्वतन्त्र कराया।

गांधी जी का पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था। इनके पिता करमचंद किसी समय पोरबन्दर के दीवान थे फिर बाद में राजकोट के दीवान रहे। इनकी माता का नाम पुतलीबाई था जो एक साध्वी स्त्री थी। 2 अक्टूबर सन् 1869 को पोरबन्दर में एक बालक का जन्म हुआ।

(2)शिक्षाः– वे माता पिता के भक्त थे 1885 में सात वर्ष की अवस्था में इन्हें राजकोट की पाठशाला में दाखिल कराया गया पॉच वर्ष तक यहीं पढते रहे। पिताजी के स्वर्गवास के पश्चात् सन् 1887 में अपनी मैट्रिक परीक्षा पास की । तथा बैरिस्ट्री पढने विलायत चले गये। और 1888 में बैरिस्ट्री पास करके भारत लौट आए।

(3) दक्षिण अफ्रीका में:– पोरबन्दर की एक फर्म का अफ्रीका में मुकदमा चल रहा था। उसकी चालीस हजार पौण्ड की नालिश थी उसमें वकील होकर आप अफ्रीका गए सिर पर पगडी रखकर आप अदालत में गये। वहॉ गॉधी जी से पगडी उतारने को कहा सच्चे भारतीय की भॉति अपनी पगडी की रक्षा के लिए बाहर आ गये। रेल, घोड़ा गाडी, होटल सभी जगह गांधाी जी का अपमान किया गया किन्तु वे अपने मिशन में लगे रहे। इसी प्रकार वहॉ रहने वाले भारतीयों के साथ भी होता था। अफ्रीका में भारतीयों का पक्ष लेकर गांधी जी ने आन्दोलन चलाया। आन्दोलन में गॉधी जी को सफलता मिली। गांधी जी को ही श्रेय प्राप्त हुआ कि वहॉ भारतीयों के सम्मान की रक्षा होने लगी।

(4) भारत के विभिन्न आन्दोलन :– भारतवर्ष लौटकर यहॉ की राजनीति में गॉधी जी ने भाग लेना आरम्भ किया 1914 में प्रथम विश्वयुद्ध में गॉधी जी ने अंग्रेजों की सहायता की, क्योंकि अंग्रेजो ने वचन दिया थ कि युद्ध में विजयी होने पर हम भारत को स्वतन्त्र कर देंगे परन्तु बात उल्टी हुई। युद्ध में विजयी होने पर अंगेजों ने रोलेट एक्ट तथा पंजाब की रोमांचकारी जलियॉ वाला बाग काण्ड की घटना पुरस्कार रूप में प्रदान की। इसके पश्चात् 1919 और 1920 में गांधी जी ने आन्दोलन प्रारम्भ किया परिणम स्वरूप वे जेल भेजे गए। 1930 में देशव्यापी नमक आन्दोलन का संचालन किया। 1931 में गोल मेज कांफ्रेंस में आमन्त्रित किया गया। गॉधी जी विलायत गये और बडी विव्दता से भारत के पक्ष का समर्थन किया। अतः इस बार गांधी जी ने सहायता के विषय में स्पष्ट मना कर दिया कि तब तक आपकी सहायता न करेंगे जब तक कि आप हमें पूर्ण स्वतन्त्र न कर दें इस प्रकार द्वितीय महायुद्ध में अंग्रेजों की कोई सहायता नही की गई। द्वितीय महायुद्ध की समाप्ति कर विश्व की राजनैतिक स्थिति बहुत बदल गई थी। युद्ध से पूर्व ब्रिटेन की संसार की सबसे बडी शक्ति समझा जाता था परन्तु अब उसकी स्थिति दूसरी थी। वह पहले नम्बर से अब तीसरे नम्बर पर आ गया था। भारत वर्ष में 1942

के भारत छोडो आन्दोलन तथा आजाद हिन्द के बलिदान के कारण प्रबल राजनैतिक जागृति हो गई थी। 142 का आन्दोलन साधारण आन्दोलन नहीं था। गॉधी जी तथा समस्त नेताओं के जेल में बन्दी बना देने के फल स्वरूप देश की समस्त जनता ने भयंकर रूप धारण कर लिया। अंग्रेजी शासन की नींव डगमगा उठी। किसी किसी स्थान पर तो ऐसा लगता था मानों अंग्रेजी सरकार रही ही नहीं। विदेशी समझ गए कि भारतीयों पर शासन करना आसान खेल नहीं। उन्होंने भारत को छोड जाने में ही अपना कल्याण समझा। 15 अगस्त 1947 को भारत वर्ष स्वाधीन राष्ट्र घोषित कर दिया गया। गांधी जी का सम्पूर्ण जीवन देश के हित में ही लगा।

(5) मृत्युः— गांधी जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन देश के हित में लगा दिया। उन्होंने अपन समस्त सुख देश के लिए बलिदान कर दिया। उनका रहन—सहन बहुत ही साधारण था। देश में फैले साम्प्रदायिक विष को शान्त करने के लिए उन्होंने नोआखाली की यात्रा की तथा दिल्ली में उपद्रव रोकने के लिए आमरण अनशन तक की घोषणा कर दी 30 जनवरी 1948 की शाम को 6 बजे जब गांधी जी अपनी प्रार्थना सभा मे जा रहे थे तब नाथूराम गोडसे नामक व्यक्ति ने पिस्तौल की 3 गोलियों चलाकर उनकी हत्या कर दी। सारा देश शोकाकुल हो उठा।

(6) उपसंहारः— गॉधी जी भारत के महान नेता थे स्वतन्त्रता संग्राम में उन्होंने भारतीय जनता का नेतृत्व किया। भारत माता की परतन्त्रता की बेड़ियों को काटने के लिए उन्होंने जीवन भर यातनाये सहीं परन्तु पग पीछे न हटाया। वे एवं श्रेष्ठ विचारक और समाज सुधारक थे।

कु. मीरा कुम्भकार
बी.ए. द्वितीय

गरीब के अपना

मैं गरीब के लईका संगी, खेती किसानी मोर काम गा,
पं श्यामाचरण महाविद्यालय में पढ़थँव गा, योगेश्वरी मोर नाव गा।।
दाई—ददा के कहना है, तै पढ़ लिख जा बेटी।
शिक्षित होबे नौकरी पाबे, बन जाबे तेहां नेता बेटी।।
मोर ड्रेस हे चिरहा—फटहा, कैसनो करके पहनथँव,
बारह पंक्ति के निसैनी संगी, धीरे धीरे मैं चढ़थँव।।
नौकरी नई पाहूँ, त बन जाहूँ कलाकार गा,
अब्बड़ मेहनत करहूँ, नई जान देहुँ बेकार गा।।
खेती किसानी करे माँ, नई करौं आनाकानी,
घर मा बईठे दाई—ददा ला, सुघ्घर देहूँ मैं पानी।।

कु. योगेश्वरी निषाद
बी.ए.तृतीय

अकादमिक उपलब्धियाँ 2017-18

प्राचार्य के कार्य

शैक्षणिक सत्र 2017–18 में महाविद्यालय के प्राचार्य के मागदर्शन में संपूर्ण सत्र सुचारु रुप से संचालित रहा। महाविद्यालय में सत्रोत्तर विभिन्न अकादमिक गतिविधियाँ सफलता पूर्वक संचालित हुई जो निम्नांकित हैं –

05 सितम्बर 2017 – प्राचार्य के मार्गदर्शन में शिक्षक दिवस मानाया गया।

11 सितम्बर 2017 – प्राचार्य द्वारा बी.एस.सी/एम.एस.सी (गणित) के विद्यार्थियों व विभाग से विषय संबंधी चर्चा हुई।

13 सितम्बर 2017 – स्वामी विवेकानंद के शिकागो उद्‌बोधन की 125वीं वर्शगांठ के उपलक्ष्य में तात्कालिक भाषण का आयोजन किया गया।

15 सितम्बर 2017 – "स्वच्छता ही सेवा"पखवाडा के अंतर्गत प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

15 सितम्बर 2017 – "स्वच्छता ही सेवा" पखवाडा के अंतर्गतविद्यार्थियों के लिए वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

15 सितम्बर 2017 – महाविद्यालय में शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय, रायपुर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व औशधि वितरण का आयोजन किया गया।

18 सितम्बर 2017 – अकादमिक गतिविधियों में उत्कृश्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन पुरस्कार (गोल्ड मेडल) प्रदान कियो जाने हेतु प्राचार्य स्थानीय विधायक श्री देवजीभाई पटेल, जनभागीदारी अध्यक्ष तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक/क्रीड़ा अधिकारी की उपस्थिति में 13 गोल्ड मेडल प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया गया, जिससे वार्षिक स्नेह सम्मेलन 2017–18 के दिवस गोल्ड मेडल के दान दाताओं व अभिभावकों के करकमलों से पात्र छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

04अक्टूबर 2017 – विज्ञान सांकाय द्वारा शिक्षक–अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया।

25 नवम्बर 2017 – संविधान दिवस के अवसर पर समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा शपथ दिलाई गई।

10दिसम्बर 2017 – मनवाधिकार दिवस अवसर पर समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा शपथ दिलाई गई।

16 दिसम्बर 2017 – महाविद्यालय में प्राचार्य के मार्गदर्शन व समस्त महाविद्यालयीन परिवार के सहयोग से भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। सम्मेलन में महाविद्यालय की स्थापना के समय से अध्ययनरत् विद्यार्थी अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

25 जनवरी 2018 – मतदाता दिवसअवसर पर समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा शपथ दिलाई गई।

28 फरवरी 2018 – राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर में प्राचार्य के मार्गदर्शन में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वार्शिक साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेलकूद व युवा उत्सव व विविध विघाओं से संबंधित पुरस्कार व प्रमाण पत्र छात्र–छात्राओं को प्राचार्य/प्राध्यापकों/सहा.प्राध्यापकों के कर कमलों से प्रदान कराया गया।

08 मार्च 2018 – अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम आयोजित कराया गया जिसमें समस्त महिला अधिकारी/कर्मचारियों को अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया गया साथ ही प्राचार्य व अन्य पुरुश अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा शुभकामना संदेश प्रदान किया गया।

<u>विशेष कार्य</u>

- रा.से.यो. को पुनर्जीवितकिया गया जिसके अंतर्गत सत्र में दो कैम्प ग्राम कपसदा में एक दिवसीय व ग्राम गोढ़ी में सात आयोजित कराए गए इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की रा.से.यो. की ईकाई ने विभिन्न सामाजिक कार्यो में भी संपूर्ण योगदान दिया।
- महाविद्यालय में रेड क्रास सोसाईटी का आरंभ– 5/12/2017 को पंजीयन के साथ किया गया जिसके अंतर्गत 27.2.2018 को "ध्यान के माध्यम से परीक्षा में एकाग्रता" विशय पर परीक्षा पूर्व छात्र–छात्राओं के लिए विशेशज्ञ चिकित्सक डॉ. सीमा शुक्ला का आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किया गया।

- महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब की शुरुआत दिनांक 27/02/2018 को पंजीयन कारा कर किया गया जिसके अंतर्गत उन्मुखि कार्यक्रम, एड्स जागरुकता पर व्याख्यान व रक्त दान के महत्व पर निबंध प्रतियोगिता व प्रमाण पत्र वितरण जैसे कार्यक्रम अयोजित किये गये।

- इस सत्र से कैरियर मार्गदर्शन सेल को पुनर्जीवित किया गया जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए "Career Couscelling and Guidance for Competition Exams" नामक प्रोग्राम की शुरुआत की गई जिसमें महाविद्यालय के विशय विशेशज्ञों ने समय सारणी अनुसार विद्यार्थियों की प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित कक्षाएँ ली।

  इसके अतिरिक्त 'Skill Development & Personality Development, Job Analysis, Career Analysis' शीर्षक पर आधरित आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें व्याख्यता श्री. अकबाल एहमद (Business Head) द्वारा विद्यार्थियों को खुला मंच प्रदान किया गया।

  दिनांक 5/03/2018 को कैरियर मार्गदर्शन हेतु अभिप्ररणात्मक व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें व्याख्यता प्रो. दिनेश गुप्ता (Motivational Speaker), इन्जीनियरिंग महाविद्यालय, मुंबई रहे, इन्होंने विद्यार्थियों को खुला मंच प्रदान किया व महाविद्यालय के ग्रंथालय को स्वरचित पुस्तकें प्रदान की।

- नवीन पठ्यक्रम जैसे च्ळक्ब।ध्क्ब। ब्वनतेमए स्नातकोत्तर स्तर पर इतिहास, समाजशास्त्र, वनस्पति शास्त्र, प्राणि शास्त्र, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्रए हेतु उच्च शिक्षा विभाग के समक्ष प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

  महाविद्यालय अपनी अधोसंरचना की दिशामें भीविकासशील है। क्षेत्रीय विधायक के सकारात्मक प्रयासों के फलस्वरुप शासन द्वारा स्वीकृत राशि से महाविद्यालय में दो भव्य प्रवेश द्वार एवं साईकल स्टेण्ड का निर्माण किया जा चुका है साथ ही महाविद्यालय के भवन में द्वितीय तल, कैम्पस के अंदर मिनी स्टेडियम एवं कन्या छात्रावास का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है, जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छात्र–छात्राओं के अध्ययन–अध्यापन एवं उनके उज्जवल भविष्य को दृश्टिगत् कर यह महाविद्यालय उत्तरोत्तर गतिशीलता की ओर अग्रसर हो रहा है।

इतिहास विभाग

09 अगस्त 2017 – भारत छोड़ो आन्दोलन (1942 के संदर्भ में) निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन।

04 अक्टूबर 2017 – इतिहास विभाग के छात्र/छात्राओं को रिचर्ड एटनबरो की फिल्म गॉधी (हिन्दी में) महाविद्यालय में दिखाई गई।

31 अक्टूबर 2017 – सरदार वल्लभ भाई पटेल के बारे में छात्र/छात्राओं को बताया गया।

07 दिसम्बर 2017 – इतिहास विभाग के छात्रों द्वारा प्रोजेक्ट प्रतियोगिता के अन्तर्गत 14 माडल और 4 पोस्टर प्रस्तुत किए गए विजयी छात्रों को इतिहास विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया।

11 दिसम्बर 2017 – छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर इतिहास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं को शहीद वीर नारायण सिंह के बारे में जानकारी दी गई।

प्रतिमाह छात्र/छात्राओं का यूनिट टेस्ट तथा मौखिक परीक्षा ली जाती है प्रति तीन माह में कक्षा में एक अध्याय का कक्षा सेमीनार का आयोजन कर कठिनाइयों को दूर किया जाता है।

प्रति सप्ताह शनिवार को सामान्य ज्ञान की कक्षाएं ली जाती है,जिसमें क्रमानुसार इतिहास विषय का अध्यापन भी कराया जाता है।

डॉ. शबनूर सिद्दीकी
प्राध्यापक (इतिहास)

राजनीति विभाग

08 अगस्त 2017 – भारत छोड़ो आन्दोलन गांधी जी के राजनीति जीवन पर विचार प्रस्तुत किये गये (एम.ए.प्रथम सेमेस्टर)

27 नवम्बर 2017 – संविधान प्रस्तावना दिवस के उपलक्ष्य में, संविधान की प्रस्तावना पर प्रकाश डाला गया।

11 दिसम्बर 2017 – मानव अधिकार दिवस पर शपथ लिया गया जिसमें मानव अधिकार पर प्रकाश डाला गया।

26 मार्च 2018 – एम.ए. राजनीतिके विद्यार्थियों के लिए "पण्डित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय" शीर्शक पर आमंत्रित व्यख्यान का आयोजन किया गया जिसकी वक्ता डॉ. सरिता

प्रतिमाह प्रतियोगिता परीक्षा में छात्रों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छात्रों को सामान्य ज्ञान की जानकारी क्रमानुसार दी जाती।

डॉ. श्रीमती संध्या सिंगारे
प्राध्यापक (राजनीति)

वनस्पति विज्ञान विभाग

(1) बी.एससी. भाग एक, दो एवं तीन का विगत वार्शिक परीक्षा में परिणाम शत् प्रतिशत रहे।

(2) वर्तमान सत्र 2017–18 का पाठ्यक्रम पूर्ण किया गया। आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्षाए एवं युनिट टेस्ट लिए गये।

(3) अमहाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं को भी अध्यापन सुविधा सुलभ करायी गई।

(4) श्री इकबाल अहमद द्वारा व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

(5) वनस्पति विज्ञान की स्नातकोत्तर कक्षा प्रारंभ करने माननीय विधायक महोदय के माध्यम से प्रस्ताव शासन को प्रेशित किया गया।

(6) बी.एससी. भाग दो के छात्र/छात्राओं द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया।

वनस्पति विज्ञान द्वारा छात्र/छात्राओं के स्वास्थ परीक्षण एवं रक्तदान शिविर में सहयोग प्रदान किया गया।

श्री कौशल किशोर
सहायक प्राध्यापक (वनस्पति विज्ञान)

हिन्दी

1. दिनांक31/07/2017 को हिन्दी विभाग द्वारा महाविद्यालस में तुलसी जयन्ती मनाया गया। जिसके अन्तर्गत भाशण प्रतियोगिता एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयो किया गया तथा छात्र–छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया।

2. दिनांक 14/09/2017 को महाविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी–दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य द्वारा हिन्दी के सम्बन्ध में विचार प्रस्तुत किया गया। हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुलेखा अग्रवाल द्वारा हिन्दी कि सम्बन्ध में उद्‌बोधन दिया गया। हिन्दी–दिवस के उपलक्ष्य में आलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

3. भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन महाविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा दिनांक 07/10/2017 को किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र–छात्राओं ने लिखित परीक्षा दी।

4. शासकीय पंडित श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा दिनांक 19/09/2017 को पं.दीनदयाल उपाध्याय जन्म–शती समारोह मनाया गया, जिसके अन्तर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

5. प्रतिमाह छात्र–छात्राओं का युनिट–टेस्ट तथा मौखिक परीक्षा ली जाती है ।

6. प्रति सप्ताह शनिवार को विशय से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान की कक्षाएँ ली जाती हैं।

7. दिनांक 16.4.2018 को एम.ए. हिन्दी साहित्य द्वितीय सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं ने हिन्दी साहित्य के विभिन्न काल का विवरण प्रोजेक्ट वर्क के रुप में किया। उनका यह प्रयास सराहनीय रहा साथ ही साथ सेमीनार का आयोजन भी किया गया जिसमें द्वितीय सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं ने अपने आलेख का सराहनीय दिया। इस संगोश्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शैक्षणिक स्टाफ की उपस्थिति रही एवं प्राचार्य के द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक उद्‌बोधन दिया गया। हिन्दी विभाग केअतिथि व्याख्यता श्री रणजीत सिंह ने कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन किया।

Agrawal

डॉ. श्रीमती सुलेखा अग्रवाल
सहायक प्राध्यापक (हिन्दी साहित्य)

Academic Achievements 2017-18
Department of Physics

The department of physics is one of the active departments of our institute. The faculty welcomed and introduced the new comers (B.Sc.I students) about the scope of subject and various activities through-out the year.

1. The department of physics has conducted "invited lecture" by inviting speaker from CIPET (Central Institute of Plastics Engineering and Technology) Raipur (C.G.) in 01/12/17. In this program Mr. Rajiv Lilhare, Senior Technical Officer, CIPET, Raipur was the main speaker.

2. The department of physics has organised one educational visit to CIPET on 08/12/2017. In this visit 65 students from B.Sc.III year were taker to CIPET.

3. The students of B.Sc. III year have presented different models and projects based on fundamental law of physics. The models have been presented on 04/12/2017 and the winners have given prizes by principal and staff.

4. The department is actively engaged in research activities in the field of experimental condensed matter physics. In this sequence three research papers were published in international Science cited Indexed Journals. The faculty has also attended National/International conferences and presented papers.

Bhargavi

Dr. G. Nag Bhargavi
Asst. Prof. (Physics)

वाणिज्य संकाय

महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग की स्थापना सत्र 2017–18 से हुई है। इस वर्श स्नातक प्रथम वर्ष में कुल 13 नियमित छात्रों ने प्रवेश लिया है। वाणिज्य संकाय में सहायक प्राध्यापक के कुल 3 स्वीकृत पदों पर नियमित सहायक प्राध्यापक नियुक्त हैं । सत्र 2017–18 में महाविद्यालय की समस्त साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में वाणिज्य संकाय के समस्त छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभागिता दर्ज की हैं एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन रहा ।

- विभाग के छात्र संजय कुमार वर्मा द्वारा 18वीं राश्ट्रीय टेनिक्वाइट प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम में प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक प्राप्त किया ।
- छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न विशयों से संबंधित पावर पाइन्ट प्रेजेन्टेशन तैयार किया गया ।
- वाणिज्य संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय कुमार सिंह ने एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी के रूप में विभिन्न गतिविधियों का संचालित किया।
- वाणिज्य संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुनीता दुबे द्वारा रेड क्रास प्रभारी के रूप में इस सत्र में महाविद्यालय को युवा रेड क्रास सोसाइटी द्वारा पंजीयन /सदस्यता प्राप्त की गई।
- कैरियर मार्गदर्शन कक्षाओं में विभाग के सहायक प्राध्यापकों द्वारा विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया ।
- विभाग के सहायक प्राध्यापक द्वारा पर्यावरण परियोजना कार्य को सम्पन्न कराया गया ।
- छात्र–छात्राओं हेतु सहायक प्राध्यापकों द्वारा विशय से संबंधित क्वीज कॉपीम्पीटीशन, M.C.Qs टेस्ट, निबंध लेखन का आयोजन सत्र के दौरान किया जाता रहा।

डॉ. सुनीता दुबे
सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य)

समाजशास्त्र विभाग

महाविद्यालय में समाजशास्त्र की स्थापना सत्र 1989 से हुई है इस वर्ष स्नातक प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में क्रमशः कुल 103, 82, 76 नियमित छात्रों ने प्रवेश लिया है। समाजशास्त्र में सहायक प्राध्यापक के कुल 1 स्वीकृत पद पर नियमित सहायक प्राध्यापक नियुक्त हैं । सत्र 2017–18 में महाविद्यालय की समस्त साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में समाजशास्त्र के समस्त छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभागिता दर्ज की हैं एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन रहा ।

- दिनांक 06.12.2017 को ''जनजाति समाज का समाजशास्त्र'' विषय पर पोस्टर प्रेजेन्टेशन एवं प्रदर्शनी का आयोजन विभाग द्वारा किया गया जिसमें बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित पावर पाइन्ट प्रेजेन्टेशन तैयार किया गया ।

- कैरियर मार्गदर्शन कक्षाओं में विभाग के सहायक प्राध्यापक द्वारा विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया ।

डॉ. रश्मि कुजूर
सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र)

रसायन शास्त्र विभाग

शिक्षण सत्र 2017–18 में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा संपन्न अकादमिक कार्य का विवरण इस प्रकार है –

1. बी.एससी. प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्श का पाठ्यक्रम पूर्ण हो चुका है।
2. बी.एससी. प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्श का प्रायोगिक कार्य भी पूर्ण हो चुका है।
3. दिनांक 12.01.2018 को बी.एससी. प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्श के छात्रों को कैरियर काउसिंलिंग के लिये रायपुर इण्डोर स्टेडियम में आयोजित युवा महोत्सव में ले जाया गया।

   दिनांक 16.01.2018 को बी.एससी. प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्रों का दाऊ पोषण लाल स्कूल मैदान के कार्यक्रम में ले जाया गया।

हेमंत कुमार देशमुख
सहायक प्राध्यापक (रसायन शास्त्र)

गणित विभाग

महाविद्यालय में एम.एससी. गणित विशय की कक्षा सन 2015–16 में प्रारंभ हुई। इस वर्ष 2017 में स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में कुल 15 छात्रों ने प्रवेश लिया है। सत्र 2017–18 में महाविद्यालय की समस्त साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ में गणित संकाय के समस्त छात्र – छात्राओं द्वारा प्रतिभागिता दर्ज की गई है एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।

1) विभाग के छात्र सागर कुमार (एम.एससी. गणित चतुर्थ सेमेस्टर) को कक्षा में उत्कृश्ट प्रदर्शन हेतु स्वर्ण प्रदक प्रदान किया गया।

2) छात्र'–छात्राओं द्वारा विभिन्न विशयों से संबंधित पावर प्वाइंट प्रजेंन्टेशन तैयार किया गया।

3) विभाग के छात्र–छात्राओं द्वारा मासिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।

4) गणित विभाग द्वारा कक्षा सेमिनार कराया गया, जिसमें सभी छात्र–छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

कु. अर्चना तिवारी
अतिथि व्याख्याता (गणित विभाग)

क्रीड़ा विभाग

वार्षिक खेलकूद उपलब्धियाँ

- हमारे महाविद्यालय से सत्र 2017–18 में खेलकूद प्रतियोगिता (क्षेत्र स्तरीय) में कबड्डी (म./पु.), खोखो पुरूष, एथलेटिक्स (म./पु.) तथा तैराकी (म.) कॉस कूंदी दौड़ अन्तर्महाविद्यालय में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

- क्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता– तवा फेक प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा कु. अर्चना सिन्हा, बी.ए. द्वितीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

- अतंर महाविद्यालय प्रतियोगिता– तैराकी प्रतियोगिता (50,100 मी 200 मी) में कु. रमा धीवर बी.ए. तृतीय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा ने पं. रविशंकर. विश्व विद्यालय रायपुर का प्रतिनिधित्व आल इंडिया विश्वविद्यालय तैराकी प्रतयोगिता, में किया।

- महाविद्यालय के वार्शिक खेलकूदगतिविधियॉ– 100, 200 400 मीटर गोल फेक, तवा फेक, भाला फेक, प्रतियोगिता व कबड्डी (म./पु.) डॉजबाल (म./पु.) बैडमिन्टन (म./पु.) का आयोजन किया गया ।

श्री अनिल कुमार महोबिया
क्रीड़ा अधिकारी

राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.)

1. दिनांक 15.11.2017 को माननीय श्री. देवजीभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में ग्राम कपसदा में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यहाँ शाला प्रांगण तथा मंदिर के आस–पास साफ–सफाई की गई।

2. दिनांक 22.12.2017 से 28.12.2017 को "स्वच्छता अभियान के लिए युवा" थीम में ग्राम गोढ़ी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सम्मानीय श्रीमती रुखमणी वर्मा जी थी तथा समापन समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक माननीय श्री देवजी भाई पटेल जी रहे। शिविर में दैनिक गतिविधियों के अतिरिक्त प्रतिदिन बौद्धिक जन चेतना कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें दिनांक 23.12.2017 को "जीवन में आयुर्वेद का महत्व" पर आदरणीय डॉ.पी.डी.वर्मा द्वारा, दिनांक 24.12.2017 को "खुला प्रश्न मंच" पर आदरणीय श्री. गणेश सेन जी द्वारा, दिनांक 25.12.2017 को "कृषि की जानकारी" पर आदरणीय एम.एल. साहू (ए.पी.ओ.) द्वारा, दिनांक 26.12.2017 को "पशु चिकित्सा की जानकारी" पर आदरणीय डॉ. खरे जी द्वारा,दिनांक 27.12.2017 को "एड्स जानकारी ही बचाव" पर सम्माननीय नीतू मण्डावी जी द्वारा व्याख्यान दिया गया।

3. महाविद्यालय में 12 जनवरी 2018 को "युवा दिवस" मनाया गया साथ ही सात दिवसीय विशेष शिविर में भाग लिए स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

4. पुरुषार्थ फाउंडेशन कार्यक्रम द्वारा "राश्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका" विशय पर राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता में चार स्वयं सेवकों ने निबंध लिख अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई।

5. धरसींवा के समीप ग्राम सिलयारी में नौ दिवसीय श्री रामकथा का आयोजन आचार्य श्री पदम्विभूषण जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी के सानिध्यमें हुआ जिसमें बैठक व्यवस्था एवं भोजन व्यवस्था में महाविद्यालय के स्वयं सेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।

6. महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त स्मृति पुरस्कार के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवक के रुप में कृष्णा साहू (बी.ए.द्वितीय) ने स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रम में तथा वार्षिक स्नेह सम्मेलन में स्वयं सेवकों ने वालेन्टियर के रुप में कार्य किया।

डॉ. संजय कुमार सिंह
सहा. प्रा. (वाणिज्य), NSS कार्यक्रम अधिकारी

यूथ रेड क्रॉस

महाविद्यालय में यूथ रेड क्रास यूनिट का गठन प्राचार्य की अध्यक्षता में किया गया । जिसमें प्राचार्य, अध्यक्ष के साथ–साथ प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, पुस्कालय प्रभारी, क्रीड़ा अधिकारी, प्रभारी एन.एस.एस. सदस्य एवं वाणिज्य,कला एवं विज्ञान संकाय से एक–एक छात्रा प्रतिनिधि शामिल है । यूथ रेड क्रास यूनिट का इस सत्र में दिनांक 5.12.2017 को पंजीयन कार्यवाही पूर्ण कर पंजीयन प्रमाणपत्र प्राप्त किया गया है ताकि आगामी सत्र से यूथ रेड क्रास से संबंधित शुल्क प्राप्त कर यूनिट से संबंधित गतिविधियों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा सके । दिनांक 27.2.2018 को यूथ रेड क्रास यूनिट के अंतर्गत "ध्यान के माध्यम से परीक्षा में एकाग्रता" विशय पर परीक्षा पूर्व छात्र–छात्राओं को किस तरह से परीक्षा के तनाव से मुक्त होकर परीक्षा में ध्यान केन्द्रित किया जाए। इससे संबंधित व्याख्यान आमंत्रित विशेशज्ञ चिकित्सक डॉ. सीमा शुक्ला द्वारा दिया गया।

डॉ. सुनीता दुबे
प्रभारी अधिकारी

RED RIBBON CLUB

Red Ribbon Club was established in our college on 05.12.2017 by the students under the guidance of teacher co-ordinators. The initiative were guided upon by Chhattisgarh State AIDS Control Society, Raipur and NACO (National AIDS Control Organization)

The club is run by students volunteer and aims to serve various purpose like awareness against drug abuse, anti-AIDS campaign, inspire blood donation etc.

Another chief purpose is the empowerment and overall development of youth.

RRC has 59 volunteers which includes 45 female and 14 male students. All the volunteers are working for the noble cause of awareness among the rural and urban population about AIDS and other such diseases that the society is facing, and promoting overall progressive health & wellness.

We organised 'Orientation Programme' for volunteer of RRC on 27.02.2018. The objective of this orientation programme was to prepare youth as peer educators/agents of change by developing their skills on leadership and team building.

Dr. Shusma Mishra
Asst. Prof. (English), Incharge Officer